

RNI NO-UPHIN/2023/84340

# सबसे तेज प्रयागराज

**सब पर नजर, सटीक खबर**

नगर संस्करण | sabsetejprj2023@gmail.com | सोमवार, 28 सितंबर 2026 | वर्ष: 04, अंक: 188 पृष्ठ: 08, मूल्य: 2 रू. | प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

# आतंकवाद के खिलाफ हमारी जीरो टॉलरेंस नीति: जयशंकर

## सीमा पार कोई सरकार इसमें शामिल तो उसे जिम्मेदार ठहराना होगा, यह पूरी दुनिया के लिए चुनौती है: एस जयशंकर


**न्यूयॉर्क/एजेंसी**

भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को पाकिस्तान का नाम लिए बिना कहा कि आतंकवाद के खिलाफ हमारी जीरो टॉलरेंस नीति जारी रहेगी। सीमा पार कोई सरकार इसमें शामिल तो उसे जिम्मेदार ठहराना होगा। यह पूरी दुनिया के लिए चुनौती है। आतंकवाद के खिलाफ आत्मरक्षा के भारत के अधिकार का इस्तेमाल किया जाएगा। आतंकवाद और दोस्ती-सद्भावना साथ नहीं चल सकते। आतंकवाद फैलाने वाले को अपना रवैया बदलना होगा। जयशंकर न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के 81वें सेशन को संबोधित कर रहे थे।

**जयशंकर ने फिलिस्तीन के लिए अलग देश बनाने का समर्थन किया**

जयशंकर ने फिलिस्तीन के लिए अलग देश बनाने का समर्थन किया। उन्होंने टू-नेशन सॉल्यूशन यानी दो-राष्ट्र समाधान की बात कही। इसके तहत इजराइल और फिलिस्तीन, दोनों के लिए अलग-अलग स्वतंत्र देश बनाने का प्रस्ताव है, ताकि दोनों के लोग शांति और सुरक्षा के साथ रह सकें। उन्होंने यह भी कहा कि भारत फिलिस्तीनी लोगों के लिए मानवीय सहायता और राहत प्रयासों में योगदान दे रहा है। जयशंकर के इस भाषण का वीडियो फिलिस्तीन भी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट किया।





### आतंकवाद फैलाने वाले को अपना रवैया बदलना होगा: विदेश मंत्री

**जयशंकर** ने कहा, कल आतंकवाद के समर्थक देश से जुड़े एक व्यक्ति ने इस महासभा के सामने तथ्यों को गलत तरीके से पेश किया। आतंकवाद को सामान्य बनाने और उसके परिणामों से बचने के लिए तर्क दिए गए, लेकिन इसे स्वीकार नहीं किया जाएगा। आतंकवाद के खिलाफ आत्मरक्षा के भारत के अधिकार का इस्तेमाल किया जाएगा। आतंकवाद और दोस्ती-सद्भावना साथ नहीं चल सकते। इसलिए आतंकवाद के आधार पर बनी किसी भी समझ की समीक्षा स्वाभाविक रूप से होगी। आतंकवाद फैलाने वाले को अपना रवैया बदलना होगा। दरअसल शुक्रवार को एक पाकिस्तानी रिपोर्टर ने भारत पर पाकिस्तान में आतंकवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। इस पर जयशंकर ने कहा, एक आतंकवादी देश मुझसे यह सवाल पूछ रहा है। रिपोर्टर के सवाल का जवाब देने के बाद वे मुस्कुराए और वहां से निकल गए।

भारत लंबे समय से पाकिस्तान पर सीमा पार आतंकवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाता रहा है। पाकिस्तान इन आरोपों से इनकार करता है। दोनों देशों के बीच आतंकवाद का मुद्दा लंबे समय से अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठता रहा है। भारत ने अप्रैल 2025 के पहलगाम आतंकी हमले का भी मुद्दा अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठाया है। इस हमले में 26 लोगों की मौत हुई थी। इसके बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था। भारत ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पाकिस्तान में मौजूद या वहां से संचालित होने वाले आतंकी संगठनों और आतंकवाद की फंडिंग का मुद्दा भी उठाया है।

**संघर्ष और टकराव हमारी सबसे बड़ी चिंता:** संघर्ष और टकराव हमारी सबसे बड़ी चिंता बने हुए हैं। शांति बनाए रखने में असमर्थता न केवल सुरक्षा को कमजोर कर रही है, बल्कि प्रगति के लिए खतरा पैदा कर रही है। पूरी दुनिया में इसका असर देखा जा सकता है।

**जहाजों को निशाना बनाया जाना स्वीकार नहीं:** इस साल हम खाड़ी क्षेत्र में एक संघर्ष देख रहे हैं, जो पहले से ही कठिन स्थिति को और गंभीर बना रहा है। हम आपस में जारी इस लड़ाई को लेकर बेहद चिंतित हैं। अंतरराष्ट्रीय जलमार्गों से गुजरने वाले जहाजों और समुद्री यात्रियों को निशाना बनाया जाना पूरी तरह अस्वीकार्य है।

**दुनिया लगातार खतरों का सामना कर रही:** भारत इस स्थिति को सुधारने के लिए हरसंभव प्रयास करने को तैयार है, खासकर खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा के संबंध में। हमें यह समझना होगा कि शांति का मतलब केवल युद्ध की अनुपस्थिति नहीं है।

## रूस का यूएनएससी में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन

**यूएन**

रूस ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन किया। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि सुरक्षा परिषद में एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका का प्रतिनिधित्व बढ़ना चाहिए। हम ब्राजील और भारत की स्थायी सदस्यता की उम्मीदवारी का समर्थन करते हैं। लावरोव ने सुरक्षा परिषद में पश्चिमी देशों की अतिरिक्त सीटों का विरोध किया। उन्होंने खासतौर पर जर्मनी और जापान का नाम लेते हुए उन पर 'सैन्यवाद और बदले की भावना की ओर बढ़ने का आरोप लगाया। लावरोव ने साथ ही कहा कि यूएनएससी में सुधार के दौरान मौजूदा स्थायी सदस्यों के अधिकारों और शक्तियों में कमी नहीं होनी चाहिए।

**भारत यूएनएससी में छठी परमानेंट सीट का सबसे मजबूत दावेदार**

दुनिया की 17% आबादी भारत में रहती है। 142 करोड़ जनसंख्या के साथ भारत दुनिया का सबसे ज्यादा आबादी वाला देश है। यूएनएससी में इतनी बड़ी आबादी का रिप्रेजेंटेशन होना जरूरी है।



### भारत की स्थायी सदस्यता की मांग 1990 से जारी

पिछले एक दशक में भारत की औसतन सालाना विकास दर 7% से ज्यादा रही है। यह चीन के बाद किसी भी दूसरे बड़े देश की तुलना में सबसे ज्यादा है। इस आर्थिक ताकत को यूएनएससी में नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। भारत परमाणु शक्ति संपन्न है, लेकिन वो इसका दिखावा नहीं करता। अगर भारत को सुरक्षा परिषद में शामिल किया जाता है तो परमाणु निरस्त्रीकरण प्रोग्राम में वह अहम भूमिका निभा सकता है।

इंटरनेशनल थिंक टैंक अटलांटिक काउंसिल के सर्वे के मुताबिक यदि अगले एक दशक में वठरउ का विस्तार होता है तो उसमें सबसे ज्यादा मौके भारत के लिए होंगे। एक्सपर्ट्स के बीच कराए गए सर्वे के अनुसार, भारत के स्थायी सदस्य बनने की संभावना 26% रहेगी।

**भारत की स्थायी सदस्यता की मांग 1990 से जारी**

भारत की यूएनएससी में स्थायी सदस्यता की मांग 1990 के दशक से उठती रही है। 2008 से वठ में सुरक्षा परिषद सुधार पर औपचारिक बातचीत शुरू हुई। 2010 में भारत ने ब्राजील, जर्मनी और जापान के साथ जी4 समूह बनाकर स्थायी सीट की मांग आगे बढ़ाई। 2

# आयोग को लेकर राहुल और विपक्षी नेताओं की गतिविधियां देशद्रोह से कम नहीं: रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली/एजेंसी**

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में जनता का विश्वास बनाए रखना सभी राजनीतिक दलों और नेताओं की जिम्मेदारी है। उन्होंने विपक्ष द्वारा चुनाव आयोग और चुनावी प्रक्रिया को लेकर लगाए जा रहे आरोपों पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी और विपक्षी नेताओं की बातें देशद्रोह से कम नहीं है। इनके ऊपर देशद्रोह का केस लगना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने रविवार को जनसेवा सदन में आयोजित पत्रकार वार्ता में विपक्षी नेताओं के लगाए जा रहे अनर्गल आरोपों पर सवाल उठाते हुए कहा कि जिस पारदर्शिता के साथ चुनाव आयोग अपनी प्रक्रिया और निर्णयों को जनता के सामने रख रहा है, क्या विपक्ष के शासनकाल में चुनाव आयोग इसी प्रकार पारदर्शी तरीके से काम करता था ?

उन्होंने कहा कि मात्र एक अखबार में प्रकाशित खबर के आधार पर बेबुनियाद माहौल पैदा करना क्या विपक्ष को शोभा देता है?

चुनाव आयोग ने एक-एक विषय को पूरी पारदर्शिता के साथ जनता के सामने रखा और स्पष्ट किया है कि निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए हैं।

लोकतंत्र में सवाल पूछने का अधिकार सभी को है, लेकिन सवाल तथ्यों के आधार पर होने चाहिए।






# प्रधानमंत्री मोदी का व्यक्तित्व संघर्ष की ऊर्जा,सेवा की साधना और राष्ट्रनिर्माण का संकल्प है-जिलाध्यक्ष

**ब्यूरो चीफ**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** नगर पालिका मंझनपुर सभागार में आयोजित विधानसभा स्तरीय नमो सेवा अनकही कहानियां अंतर्गत नाट्य मंचन कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य,विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष मंझनपुर बीरेंद्र सरोज फौजी ने प्रतिभाग व कलाकारों को अंगवस्त्र पहनाकर अभिनंदन किया एवं उपस्थित कार्यकताओं,आमजनमास को संबोधित किया।

जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के सार्वजनिक जीवन में सेवा,समर्पण और सुशासन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत नमो सेवा-अनकही कहानियां कार्यक्रम के तहत नाट्य मंचन का आयोजन किया जा रहा है।इन नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन की यात्रा,राष्ट्र सेवा के प्रति उनके समर्पण,जनकल्याण के लिए किए गए प्रयासों और सुशासन के माध्यम से देश में हुए विभिन्न बदलावों को जीवंत एवं भावनात्मक रूप में प्रस्तुत




किया जा रहा है।कहानी जब किताब में होती है तो पढ़ी जाती है,
लेकिन जब वही कहानी मंच पर जीवंत होती है तो महसूस की जाती है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विकास की गंगा बही है जैसे प्रधानमंत्री जनधन योजना,उज्ज्वला योजना,स्वच्छ भारत मिशन,प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत,प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और जल जीवन मिशन जैसी योजनाओं ने शासन की प्राथमिकताओं को गरीब,किसान,महिला और सामान्य नागरिक के जीवन से जोड़ने का प्रयास किया है।सड़क से एक्सप्रेसवे तक,रेलवे से वंदे भारत तक,गांव की पगडंडी से पक्की सड़क तक,बैंक खाते से वढक तक,घर से नल तक,गरीब के इलाज से आयुष्मान भारत तक और भारत की अर्थव्यवस्था से डिजिटल इंडिया तक विकास के अनेक क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर योजनाएं और बुनियादी ढांचे का विस्तार हुआ है।

इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक व जिला उपाध्यक्ष भोलेशंकर कुशवाहा,विधानसभा संयोजक व जिला मंत्री भास्कर सिंह,निवर्तमान विधायक मंझनपुर लाल बहादुर,जिला उपाध्यक्ष संजय जायसवाल,जिला मंत्री दिनेश पाण्डेय,फूलमती सरोज,नरेंद्र पटेल,महिला मोर्चा संयोजिका नीतू कनौजिया, मण्डल अध्यक्ष भइया लाल गौतम,जगन्नाथ दिवाकर,राजीव पाल,मनमोहन कुशवाहा,रमेश लोधी सहित सम्मानित कार्यकर्तागण एवं आमजनमास उपस्थित रहें।

## महिलाओं को सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक



**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी ।** रविवार को जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में मिशन शक्ति फेज-5.0, नए आपराधिक कानूनों एवं साइबर जागरूकता अभियान के अंतर्गत व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए ।

इस दौरान पुलिस टीमों द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को नए आपराधिक कानूनों, महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण, साइबर अपराधों से बचाव, गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा, सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध निःशुल्क विधिक सहायता के संबंध में जानकारी दी गई ।

साथ ही मिशन शक्ति केंद्र एवं एंटी रोमियो टीम की कार्यप्रणाली के बारे में भी अवगत कराया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं को शासन द्वारा संचालित हेल्पलाइन नंबरों -112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन एवं 181 महिला हेल्पलाइन की जानकारी देते हुए आवश्यकता पड़ने पर इनके उपयोग के लिए जागरूक किया गया ।

इसके अतिरिक्त कन्या सुमंगला योजना, आयुष्मान भारत योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंट सखी एवं राष्ट्रीय पोषण मिशन सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में भी जानकारी प्रदान की गई ।

अभियान के दौरान पुलिस टीमों द्वारा महिलाओं, बालक-बालिकाओं एवं आमजन से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली गई तथा महिला सुरक्षा, सम्मान, अधिकार एवं साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक किया गया ।

## हत्या करने वाले बालअपचारी को नियमानुसार पुलिस अभिरक्षा में लिया गया

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी ।** चार दिन पहले थाना संदीपनघाट पर वादी राजेन्द्र कुमार पुत्र राम खेलावन निवासी उजिहीनी खालसा थाना सन्दीपनघाट जनपद कौशाम्बी द्वारा सूचन दी गयी कि कल रात्रि में लगभग 10 बजे मेरे भाई रविन्द्र कुमार व गांव के लाला राम व अन्य लोगो के बीच कहासुनी हुयी थी उसी बात को लेकर आज सुबह मेरा भाई खेत पर गया था जहां पर पहले से मौजूद लाला राम व अन्य लोगों ने एक राय होकर जान से मारने की नियत से लाठी डण्डो से मारा पीटा गया, जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गये तथा इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गयी । घटना से सम्बन्धित 04 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था । अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा गठित टीमों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये थे ।

रविवार को थाना संदीपनघाट पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित बालअपचारी को नियमानुसार पुलिस अभिरक्षा में लिया गया।

## मोहब्बतपुर पइंसा पुलिस द्वारा वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशांबी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मोहब्बतपुर पइंसा पुलिस टीम द्वारा विद्युत अधिनियम थाना मोहब्बतपुर पइंसा जनपद कौशाम्बी से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त फूल सिंह पुत्र स्व0 राम स्वरूप सिंह निवासी पठकन का पुरवा थाना मोहब्बतपुर पइंसा जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया ।

# कप्तान ने समस्त क्षेत्राधिकारियों के साथ मासिक समीक्षा गोष्ठी की आयोजित

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी ।** पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी श्री सत्यनारायण द्वारा कैंप कार्यालय पर जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों के साथ मासिक समीक्षा गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में जनपद की कानून-व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण से संबंधित विभिन्न बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की गई।

समीक्षा के दौरान लम्बित प्रार्थना पत्रों की जांच, [illegible] प्रकरणों, लंबित विवेचनाओं एवं [illegible] की स्थिति की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। लंबित विवेचनाओं की गहन समीक्षा करते हुए शीघ्र निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-



निर्देश दिए गए।

इसी क्रम में अपराध नियंत्रण एवं कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की गई। समस्त क्षेत्राधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में अपराध एवं अपराधियों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही करवाही, संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित भ्रमण एवं निगरानी सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।

गोष्ठी के दौरान सभी क्षेत्राधिकारियों को अपने-अपने सर्किल के थानों की नियमित समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों के निस्तारण तथा शासन एवं उच्चाधिकारियों के निर्देशों का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत क्षेत्रवार सुरक्षा-व्यवस्था की समीक्षा की गई।संवेदनशील स्थानों एवं धार्मिक स्थलों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए आयोजकों एवं स्थानीय लोगों से निरंतर संवाद बनाए रखने तथा किसी भी सूचना अथवा घटना की स्थिति में तत्काल आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी श्रीमती अमिता सिंह उपस्थित रहीं।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर ।** पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को थाना बकेवर पुलिस द्वारा दुष्कर्म से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त मानेन्द्र पुत्र रमेश कुशवाहा निवासी ग्राम हरदासपुर थाना बकेवर जनपद फतेहपुर उम्र करीब 18 वर्ष को गिरफ्तार कर मा० न्यायालय भेजा गया।




# काउंसलिंग के बाद सात दंपतियों में हुआ समझौता, साथ रहने को हुए राजी





**सबसे तेज प्रयागराज**

**बुलंदशहर।** वैवाहिक विवादों के निस्तारण के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत मिशन शक्ति टीम और महिला सेल/परिवार परामर्श केंद्र के प्रयास से सात दंपतियों के बीच आपसी सहमति से सुलह-समझौता कराया गया। काउंसलिंग के बाद सभी दंपति एक साथ रहने और नए सिरे से वैवाहिक जीवन शुरू करने के लिए राजी हुए।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलंदशहर के निर्देशन में पारिवारिक एवं वैवाहिक विवादों के त्वरित निस्तारण के लिए महिला सेल/परिवार परामर्श केंद्र और मिशन शक्ति टीम द्वारा काउंसलिंग की जा रही है।

इसी क्रम में रविवार को पति-पत्नी के पारिवारिक विवाद से संबंधित मामलों में दोनों पक्षों को बुलाकर उनकी समस्याएं सुनी गईं।

थाना अगौता, बीबीनगर, गुलावठी, खुर्जा देहात और सिकंदराबाद की मिशन शक्ति टीमों ने काउंसलिंग के माध्यम से सात प्रार्थना पत्रों में दोनों पक्षों के बीच आपसी सहमति से समझौता कराया।

समझौते के बाद दंपतियों ने एक-दूसरे को विश्वास दिलाया कि वे बीती बातों को पीछे छोड़कर नए सिरे से साथ जीवन बिताएंगे।

महिला सेल प्रभारी और काउंसलरों ने दंपतियों को नवजीवन की शुरूआत के लिए शुभकामनाएं दीं। साथ ही उन्हें आपसी विवादों से बचने, एक-दूसरे का सम्मान करने और प्रेमपूर्वक जीवन व्यतीत करने के लिए समझाया गया।

## पशु चोरी की घटना का खुलासा 2 अभियुक्त गिरफ्तार; चोरी के 3 पशु एवं घटना में प्रयुक्त पिकअप वाहन बरामद

**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर ।** 22 सितंबर को थाना जाफरगंज पर वादी रमेशचन्द्र पुत्र बाबूलाल निवासी डिघरूवा थाना जाफरगंज जनपद फतेहपुर द्वारा दी गई तहरीरी सूचना कि 20 सितंबर की रात्रि मेरे नए मकान व ट्यूबवेल के अंदर बंधी मेरी एक भैंस, एक पड़िया व एक पड़वा की अज्ञात चोरों द्वारा दीवाल फांदकर अन्दर घुसकर पीछे का दरवाजा खोलकर चोरी कर लिया गया था। जिसे तलाश करते समय ज्ञात हुआ कि मेरे तीनों जानवरों को अज्ञात चोरों द्वारा पिकअप वाहन से ले जाया गया है।




एसपी अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी जाफरगंज के पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में उपरोक्त अभियोग की विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान थाना जाफरगंज पुलिस टीम द्वारा रविवार को उपरोक्त अभियोग में प्रभावी सुरागरसी-पतारसी के आधार पर प्रकाश में आए 2 अभियुक्तों आलोक कुमार अवस्थी पुत्र ओमप्रकाश अवस्थी उम्र करीब 30 वर्ष निवासी ग्राम महरहा थाना कल्यानपुर, रामानुज तिवारी पुत्र शिवबाबू तिवारी उम्र करीब 21 वर्ष निवासी ग्राम महरहा थाना कल्यानपुर जनपद फतेहपुर को ग्राम महरहा से जैती खेड़ा जाने वाले मोड से 01 अदद भैस, 01 पडिया, 01 अदद पडवा के साथ गिरफ्तार किया गया।

# बांदा: रंजिश में किसान को बाइक से गिरा कर तमंचे से मारी गोली, मुकदमा दर्ज

**बांदा।** उत्तर प्रदेश के जनपद बांदा में देहात कोतवाली क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर चल रहे विवाद में दिनदहाड़े दबंग युवक ने बाइक से जा रहे किसान को बाइक से नीचे गिराकर तमंचे से फायर झोंक दिया। इस फायरिंग में किसान बाल बाल बच गया। घटना से इलाके में अफरा तफरी मच गई। किसान ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

देहात कोतवाली क्षेत्र के जारी गांव निवासी महंतू यादव पुत्र मंगी यादव ने थाने में तहरीर दी। जिसमें बताया कि वह रविवार को दोपहर करीब दो बजे किसी काम से बाइक लेकर बांदा जा रहा था। जैसे ही वह देहात कोतवाली क्षेत्र के गुरेह-बबेरू रोड आरटीओ कार्यालय के पास पहुंचा था, तभी सामने से आ रहे गांव के ही कल्लू सिंह ने उसकी बाइक पर लात मारकर उसे जमीन पर गिरा दिया। इस बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया। कहासुनी के बीच हाथापाई होने लगी। महंतू का आरोप है कि इस दौरान कल्लू सिंह ने कमर से तमंचा निकालकर उसके ऊपर फायर कर दिया। लेकिन बीच में एक अन्य युवक ने कल्लू के हाथ को ऊपर उठा दिया, इससे गोली ऊपर से निकल गई और वह बाल-बाल बच गया। दिनदहाडे. हुई इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई।। घटना के बाद आरोपित कल्लू तमंचा लहराते हुए मौके से भाग निकला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल किया।

पीड़ित महंतू ने बताया कि कल्लू से पुरानी रंजिश चलती है। उन्होंने पूर्व में कल्लू के खिलाफ जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज कराया था, इसी को लेकर उसने घटना की है।

देहात कोतवाली प्रभारी संजीव चौबे ने बताया कि बाइक टकराने से विवाद हुआ था। इस मामले में एक पक्ष पर फायर करने का आरोप है।

## कौशाम्बी पुलिस का सड़क सुरक्षा अभियान, यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 138 वाहनों का चालान

**स्वाती मिश्रा**

**कौशांबी।** सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से जनपद में निरन्तर वाहन चेकिंग एवं सड़क सुरक्षा जागरुकता संबंधी एवं सड़क दुर्घटना की सूचना पर तत्काल थानों पर नियुक्त सीसी टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जा रही है । अभियान के दौरान स्कूल वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही है। वाहन चालकों को निर्धारित मानकों एवं यातायात नियमों का पालन करने तथा छात्र-छात्राओं की सुरक्षा के दृष्टिगत आवश्यक हिदायत दी जा रही है । अभियान के दौरान स्कूल वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही है। वाहन चालकों को निर्धारित मानकों एवं यातायात नियमों का पालन करने तथा छात्र-छात्राओं की सुरक्षा के दृष्टिगत आवश्यक हिदायत दी जा रही है



जनपद के समस्त थानों/यातायात पुलिस टीमों द्वारा जनपद के विभिन्न प्रमुख मार्गों, चौराहों एवं संवेदनशील स्थानों पर सघन चेकिंग/जागरुकता अभियान चलाया गया ।चेकिंग अभियान के दौरान यातायात नियमों का उलंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही की गयी, जिसके तहत मालवाहक वाहनों पिकअप, ट्रैक्टर आदि में अवैध रुप से सवारी बैठाकर परिवहन करने वाले वाहनों चालान किये गये । इसी क्रम वाहन चालकों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि मालवाहक वाहनों में सवारी बैठाकर परिवहन न करें, ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके । साथ ही यातायात पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की गहनता से चेकिंग की गई तथा वाहनों के आवश्यक अभिलेख, इन्टरसेप्टर स्पीड रडार गन से ओवर स्पीड, नंबर प्लेट, हेलमेट/सीट बेल्ट एवं अन्य यातायात नियमों के अनुपालन की जांच की गई । नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए जनपद में कुल 138 वाहनों का ई-चालान किया गया ।

चेकिंग अभियान के दौरान आमजन एवं वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट एवं चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का प्रयोग करने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने तथा नशे की हालत में वाहन न चलाने जागरूक किया गया ।

## बारिश से प्रभावित बिजली आपूर्ति बहाल करने में जुटी योगी सरकार

### अधिकारियों को युद्धस्तर पर काम कर जल्द से जल्द विद्युत आपूर्ति सामान्य करने के निर्देश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में लगातार हो रही बारिश से प्रभावित विद्युत आपूर्ति को जल्द सामान्य करने के लिए योगी सरकार ने निगरानी और राहत कार्य तेज कर दिए हैं। प्रमुख सचिव ऊर्जा एवं यूपी पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष रणवीर प्रसाद ने अधिकारियों को युद्धस्तर पर काम कर जल्द से जल्द विद्युत आपूर्ति सामान्य करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं की शिकायतों का फीडरवार निस्तारण सुनिश्चित किया जाए और 1912 पर आने वाली प्रत्येक सूचना को गंभीरता से लिया जाए।

प्रमुख सचिव ने निर्देश दिया कि उपभोक्ताओं को यह भी बताया जाए कि उनकी विद्युत आपूर्ति कब तक बहाल होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि अस्पताल, पेयजल सहित आवश्यक सेवाओं की बिजली आपूर्ति प्राथमिकता के आधार पर बहाल की जाए। बारिश और पेड़ों के गिरने से 33 और 11 केवी फीडरों में बड़े पैमाने पर ब्रेकडाउन हुआ है। कई स्थानों पर बिजली के पोल भी टूटे हैं। इन्हें बदलने के साथ ही क्षतिग्रस्त लाइनों की मरम्मत का काम दिन-रात जारी है। दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों में भी टीमें लगातार कार्य कर रही हैं।

**शहरी क्षेत्रों में आपूर्ति लगभग सामान्य**

डिस्कॉम अधिकारियों ने बताया कि लखनऊ सहित प्रदेश के अधिकांश शहरी क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति लगभग सामान्य कर दी गई है। मध्यांचल में बरेली मंडल को छोड़कर शहरी क्षेत्रों में आपूर्ति सामान्य है। 33 केवी के छह सबस्टेशन बंद हैं, जिन्हें शाम तक चालू करने का लक्ष्य है। पूर्वांचल में बस्ती और संतकबीरनगर को छोड़कर अधिकांश शहरी क्षेत्रों में आपूर्ति सामान्य है।

पश्चिमांचल में अमरोहा, बिजनौर, संभल और मुरादाबाद के ग्रामीण क्षेत्रों को छोड़कर आपूर्ति सामान्य है। दक्षिणांचल में इटावा, कन्नौज, औरैया और फरुर्खाबाद को छोड़कर अन्य शहरों में बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई है।

# महिलाओं/बालिकाओं के सशक्तिकरण हेतु गांव-कस्बों में चौपाल लगाकर चलाया गया “बहू-बेटी अभियान”

**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर ।** पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में परित्यक्ता, तलाकशुदा, निराश्रित तथा दहेज उत्पीड़न की शिकार महिलाओं एवं बालिकाओं के उत्थान, स्वावलंबन एवं सशक्तिकरण तथा नए आपराधिक कानूनों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से रविवार को जनपद फतेहपुर में विशेष पहल ह्नबहू-बेटी अभियानह्न व्यापक स्तर पर संचालित किया गया।

अभियान के अंतर्गत जनपद के समस्त थानों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रांतर्गत विभिन्न स्थानों पर चौपाल, जागरूकता सम्मेलन एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए। मिशन शक्ति टीमों एवं एंटी रोमियो टीमों द्वारा गांवों एवं कस्बों में महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, सरकारी योजनाओं, आत्मनिर्भरता एवं सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं।




अभियान के दौरान परित्यक्ता, विधवा, तलाकशुदा, कामकाजी महिलाओं एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा, स्वावलंबन एवं सशक्तिकरण के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही समाज में व्याप्त कुरीतियों, दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध आदि के संबंध में जानकारी देते हुए बचाव के उपाय एवं उपलब्ध कानूनी प्रावधानों से अवगत कराया गया।

इसके अतिरिक्त महिला एवं बाल कल्याण से जुड़ी स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण योजनाओं की जानकारी दी गई। महिला सुरक्षा से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों–डायल 112, महिला हेल्पलाइन 181, वूमेन पावर लाइन 1090, जननी सुरक्षा 102, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, एंबुलेंस सेवा 108 तथा साइबर हेल्पलाइन 1930–के बारे में भी विस्तार से बताया गया।

शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, जैसे निराश्रित महिला पेंशन योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, नारी शक्ति वंदन योजना, नारी सम्मान-नारी सुरक्षा योजना एवं कन्या सुमंगला योजना के संबंध में जानकारी दी गई।

# भाजपाइयों ने जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में सुनी प्रधानमंत्री की 'मन की बात'

## कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के राष्ट्रहित के संदेशों और प्रेरणादायी विचारों को किया आत्मसात

**सबसे तेज प्रयागराज**

**मऊआइमा।** विधानसभा क्षेत्र सोरांव के मऊआइमा ग्रामीण मंडल अंतर्गत रविवार को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय एवं जन-आकांक्षाओं के प्रतीक मासिक रेडियो कार्यक्रम ह्यमन की बातह्न के प्रसारण को भाजपा जिलाध्यक्ष गंगापार निर्मला पासवान के नेतृत्व में सामूहिक रूप से सुना गया।



कार्यक्रम का आयोजन मंडल के अलग-अलग बूथों पर किया गया, जिसमें मुख्य रूप से बूथ संख्या 5 पर युवराज सिंह के आवास तथा बूथ संख्या 36 पर आकाश शर्मा के आवास पर कार्यकर्ता व स्थानीय नागरिक एकत्र हुए। दोनों स्थानों पर प्रधानमंत्री के संबोधन को पूरी निष्ठा के साथ सुना गया।

प्रधानमंत्री के प्रेरणादायी विचारों, समाज सुधार की दिशा में किए जा रहे प्रयासों और राष्ट्रहित के संदेशों को सुनते हुए कार्यकर्ताओं ने देश के विकास में अपना योगदान देने का संकल्प लिया। जिला मीडिया प्रभारी उमेश तिवारी ने बताया कि इस दौरान जिलाध्यक्ष निर्मला पासवान ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री का ह्यमन की बातह्न कार्यक्रम केवल एक संबोधन नहीं है, बल्कि यह देश के कोने-कोने में निस्वार्थ भाव से कार्य कर रहे जन-नायकों और समाजसेवियों के प्रयासों को सम्मानित करने का एक सशक्त माध्यम है। इससे देशवासियों एवं कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा और प्रेरणा मिलती है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से मऊआइमा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष शंभू नाथ पटेल, वरिष्ठ नेता राम पलट पटेल, मिठाई लाल गौतम, विजय सिंह, राज कुमार गुप्ता सहित मंडल के तमाम वरिष्ठ पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में स्थानीय पार्टी कार्यकर्ता व नागरिक उपस्थित रहे। जिसके बाद जिलाध्यक्ष गंगापार निर्मला पासवान ने भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष आदेश पांडेय के आवास पर पहुंचकर उनका हाल जाना।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने मैलवन में सुनी मन की बात

**पीएम मोदी की मन की बात सुनकर कार्यकर्ताओं में उत्साह**



**सबसे तेज प्रयागराज**

**फूलपुर।** वरुणा मंडल के शक्ति केंद्र अमिलिया अंतर्गत बूथ संख्या 32 मैलवन में रविवार को बूथ अध्यक्ष शिवाजी दूबे के आवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ह्यमन की बातह्न कार्यक्रम का 138वां एपिसोड कार्यकर्ताओं ने सुना। कार्यक्रम के बाद मंडल अध्यक्ष मनोज पाठक एडवोकेट ने आगामी चुनाव की दृष्टि से कार्यकर्ताओं से सक्रियता के साथ जुटने का आह्वान किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं को उत्साहित करते हुए मंडल अध्यक्ष ने कहा कि केंद्र और प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने बिना किसी भेद भाव के समुचित विकास कार्य किया है जिसकी सराहना सभी लोग कर रहे है फिर से भाजपा की सरकार बनाने के लिए अभी से कार्यकर्ता जुट जाएं बूथ स्तर पर एक जुट होकर कार्य करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री धर्मराज बिंद ने किया। इस अवसर पर शक्ति केंद्र संयोजक विवेक दूबे, बूथ अध्यक्ष विजय बिंद, बीएलए-2 राजेश बिंद, सुशील शर्मा, श्यामलाल पटेल, राजेंद्र प्रसाद मौर्य सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पत्रकार को मातृ शोक

**सबसे तेज प्रयागराज**



**बहरिया।** हिंदी दैनिक समाचार पत्र के स्थानीय पत्रकार एवं तुलापुर निवासी नागेंद्र मिश्रा की माता दुर्गावती मिश्रा पत्नी राधा कृष्ण मिश्र का निधन हो गया। वह 85 वर्ष की थीं। बीमार होने पर उनको 5 दिन पहले एसआरएन में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान जहां उन्होंने शनिवार की देर रात करीब 1:30 बजे अंतिम सांस ली। रविवार की सुबह शव गांव ले आया गया तो लोग शोक संवेदना देने के लिए पहुंचे। रविवार को ही रसूलाबाद घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। इधर बहरिया में पत्रकारों ने बैठक कर शोक श्रद्धांजलि अर्पित की। बैठक में मुख्य रूप से संतोष मिश्रा, शिव भगवान प्रजापति, ओमकृष्ण शुक्ल संजीव मौर्य, अनवारुल, राजेंद्र कुमार तिवारी उर्फ त्रिकाली, चंद्रशेखर यादव, सुशील पटेल आदि लोग रहे।

## चिराग पासवान की जेंडर पहचान को लेकर अप्रमाणित टिप्पणी पर कुशल प्रसाद गौरव ने जताई आपत्ति

**सबसे तेज प्रयागराज**




**प्रयागराज।** कुशल प्रसाद गौरव, अधिवक्ता, उच्च न्यायालय एवं प्रशासनिक संपर्क प्रमुख, धर्म जागरण गतिविधि, काशी प्रांत, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की जेंडर पहचान को लेकर सामने आई अप्रमाणित टिप्पणी पर आपत्ति जताई।

उन्होंने कहा, "राजनीतिक विरोध अपनी जगह है। नीतियों और विचारों पर सवाल उठाना लोकतंत्र का अधिकार है, लेकिन किसी व्यक्ति की व्यक्तिगत पहचान और गरिमा को बिना प्रमाण सार्वजनिक विवाद का विषय बनाना उचित नहीं है।"

कुशल प्रसाद गौरव ने कहा, "किसी भी संवेदनशील व्यक्तिगत दावे को तथ्य के रूप में प्रसारित करने से पहले उसके स्रोत, प्रमाण और सत्यता की पुष्टि होना आवश्यक है। राजनीतिक मतभेद व्यक्ति की गरिमा और सम्मान की सीमा को पार नहीं करने चाहिए।"

उन्होंने मीडिया संस्थानों एवं सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं से अपील की कि संवेदनशील विषयों पर तथ्य-जांच और जिम्मेदार भाषा का पालन करें तथा अपुष्ट दावों को आगे बढ़ाने से बचें।

उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक विमर्श की मजबूती केवल असहमति व्यक्त करने में नहीं, बल्कि असहमति के बावजूद व्यक्ति की गरिमा का सम्मान बनाए रखने में भी है।

## दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**



**प्रयागराज ।** पुलिस आयुक्त व अपर पुलिस आयुक्त के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस उपायुक्त गंगानगर व अपर पुलिस उपायुक्त गंगानगर के कुशल पर्यवेक्षण में व सहायक पुलिस आयुक्त फूलपुर के कुशल नेतृत्व में गंगानगर-जोन के थाना बहरिया पर पंजीकृत मुकदमा दुष्कर्म पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त अभियुक्त सुमित कुमार यादव उर्फ गोलू पुत्र मोहन लाल यादव निवासी ग्राम कनेहटी थाना बहरिया कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना बहरिया पुलिस टीम द्वारा रविवार को थाना बहरिया क्षेत्रान्तर्गत पतुलकी-कनेहटी मोड़ के पास से गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी ।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम**

व0उ0नि0 अमित कुमार सिंह. मारुती नन्दन तिवारी चौकी प्रभारी सिकन्दरा, उ0नि0 शिवाकांत शर्मा, थाना बहरिया कमिश्नरेट प्रयागराज।

## श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन को अशोक सिंघल ने दी निर्णायक दिशा: योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय संगठन महामंत्री मिलिंद परांडे ने रविवार को लखनऊ में श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के प्रणेता और विश्व हिन्दू परिषद के पूर्व अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष श्रद्धेय अशोक सिंघल के जन्म शताब्दी महोत्सव का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि जो लोग कभी राम मंदिर का विरोध करते थे और रामभक्तों पर गोलियां चलाते थे, आज वही खुद को रामभक्त बताने का प्रयास कर रहे हैं। यह विश्व हिन्दू परिषद की वैचारिक विजय है।

बिखरे हिंदू समाज को एक मंच पर लाए अशोक सिंघलमुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 1528 में श्रीराम जन्मभूमि पर मंदिर तोड़े जाने के बाद करीब 500 वर्षों तक हिंदू समाज ने उसकी मुक्ति के लिए संघर्ष किया। संतों, नागाओं, सिख वीरों, युवाओं और महिलाओं ने बलिदान दिए। समाज में सामर्थ्य था, लेकिन ताकत बिखरी थी। इसे एक मंच पर लाने का काम अशोक सिंघल ने किया।

उन्होंने कहा कि 1982 में विश्व हिन्दू परिषद का दायित्व मिलने और 1983 में श्रीराम जन्मभूमि मुक्ति यज्ञ समिति के गठन के बाद रामकाज अशोक सिंघल के जीवन का ध्येय बन गया। देश हो या विदेश, वनवासी क्षेत्र हो या दलित बस्ती, उनके मुख पर राम का नाम रहता था। राम काजु कीन्हें बिनु मोहि कहां बिश्राम को उन्होंने अपने जीवन में उतारा।

राम मंदिर के साथ समाज को भी जोड़ामुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अशोक सिंघल ने राम मंदिर आंदोलन के साथ समाज को एकजुट करने का भी अभियान चलाया। वनवासी और मलिन बस्तियों में एकल विद्यालयों की श्रृंखला खड़ी करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। पूर्वोत्तर के बच्चों की शिक्षा के लिए गोरखनाथ मंदिर स्थित विश्व हिन्दू परिषद कार्यालय के एक कमरे से भी व्यवस्था शुरू कराई गई।

उन्होंने 1990 के अयोध्या आंदोलन को याद करते हुए कहा कि तत्कालीन उत्तर प्रदेश सरकार रामभक्तों पर गोलियां चला रही थी, तब अशोक सिंघल सत्ता के सामने नहीं झुके। दो नवंबर 1990 को रामभक्तों पर लाठीचार्ज और गोलीबारी के बीच भी उनकी सिंह गर्जना सुनाई दी।

## "स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा" के तहत रेलगांव कॉलोनी, सूबेदारगंज में स्वच्छता जागरूकता रैली आयोजित

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज ।** उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह के निदेर्शानुसार उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में ह्यस्वच्छता ही सेवा पखवाड़ाझ्र2026ह्न का आयोजन किया जा रहा है। यह पखवाड़ा दिनांक 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक उत्तर मध्य रेलवे के सभी मंडलों, कारखानों, यूनिटों एवं कार्यालयों में आयोजित किया जा रहा है।



इसी क्रम में रविवार को प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर अनिल कुमार द्विवेदी के मार्गदर्शन में, रेलगांव कॉलोनी, सूबेदारगंज (प्रयागराज) में स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का नेतृत्व मुख्य पर्यावरण एवं गृह व्यवस्था प्रबंधक मनीष कुमार तथा राज्य आयुक्त गाइड/एडल्ट रिसोर्स एवं उप वित्त सलाहकार व मुख्य लेखा अधिकारी सुश्री अनम सिद्दीकी ने किया।

इस रैली में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के बच्चों ने बैनर, पोस्टर, पैम्फलेट और स्वच्छता नारों के माध्यम से कॉलोनी वासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। अभियान का मुख्य उद्देश्य निवासियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाकर पर्यावरण को शुद्ध बनाना और परिवारों को स्वस्थ रखना है।

मुख्यालय पर्यावरण अनुभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स (मुख्यालय, प्रयागराज) की राज्य संगठन आयुक्त/गाइड सुश्री मंजू जोशी, ल्हइ स्काउट मास्टर प्रियांशु तथा ल्हइ गाइड लीडर्स सुश्री सारिका सिंह, पूजा शर्मा, पूजा रानी, सोनम एवं अंकिता शर्मा सहित कुल 30 स्काउट, गाइड, रोवर एवं रेंजर उपस्थित रहे।

## जीएसवीएम के छात्रों ने सात पदक जीत बढ़ाया संस्थान का गौरव : डॉ. संजय काला

**कानपुर।** जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के मेडिसिन विभाग के परास्नातक छात्र-छात्राओं ने उत्तर प्रदेश एपीकॉन-2026 में सात पदक जीतकर संस्थान का गौरव बढ़ाया है। यह बातें रविवार को कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. संजय काला ने विजेताओं और प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कही।



एसोसिएशन ऑफ फिजिशियंस ऑफ इंडिया के उत्तर प्रदेश अध्याय का 43वां वार्षिक अधिवेशन 26 और 27 सितंबर को वाराणसी में आयोजित हुआ। इसमें प्रदेश के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों के परास्नातक छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और चिकित्सकों ने प्रतिभाग किया। अधिवेशन में उत्तर प्रदेश अध्याय की कार्यकारिणी समिति ने डॉ. ऋचा गिरि को अध्यक्ष और डॉ. एसके गौतम को उपाध्यक्ष मनोनीत किया। डॉ. सौरव अग्रवाल को कार्यकारिणी समिति का सदस्य बनाया गया। अधिवेशन का उद्घाटन बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अजीत कुमार चतुर्वेदी ने किया। फिजिशियंस ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. नरसिंह मल्लू और चिकित्सा विज्ञान संस्थान के निदेशक डॉ. एसएन शंखवार विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। डॉ. ऋचा गिरि और डॉ. एसके गौतम को सर्वाधिक सदस्य बनाने के लिए अध्यक्षीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

दोनों चिकित्सकों को पिछले वर्ष उत्तर प्रदेश एपीकॉन-2025 के सफल आयोजन के लिए भी अध्यक्ष की ओर से सम्मानित किया गया।

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के मेडिसिन विभाग के परास्नातक छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन किया। एसएन गुप्ता पुरस्कार के अंतर्गत शोधपत्र प्रस्तुति में डॉ. इकराम ने स्वर्ण और डॉ. अविनाश ने रजत पदक जीता। एनएन गुप्ता पुरस्कार की शोधपत्र प्रस्तुति में डॉ. रोहित कुमार गुप्ता ने स्वर्ण और डॉ. दीपांशी कुरेल ने कांस्य पदक हासिल किया। जीपी एल्हेंस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में डॉ. कौशल किशोर सिंह ने स्वर्ण और डॉ. एफा खान ने कांस्य पदक जीता। वहीं, दीप्तांशु वेदांत गुप्ता परास्नातक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में डॉ. शरद कोटरीवाला ने रजत पदक हासिल किया।

इस तरह जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्रतिभागियों ने तीन स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य समेत कुल सात पदक हासिल किए। प्रधानाचार्य डॉ. संजय काला ने सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## युवाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए राष्ट्रीय युवा आयोग का हो गठन : चिराग पासवान

**प्रयागराज में 'यूथ बोले तो' कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री ने रोजगार, प्रतियोगी परीक्षाओं और राजनीति में युवाओं की भागीदारी पर रखे विचार**



**प्रयागराज।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने रविवार को प्रयागराज के परेड मैदान में आयोजित 'यूथ बोले तो' कार्यक्रम में युवाओं से संवाद किया। उन्होंने कहा कि देश में युवाओं की बड़ी आबादी है, इसलिए उनके अधिकारों, रोजगार और भविष्य से जुड़े विषयों पर गंभीरता से काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने राष्ट्रीय युवा आयोग के गठन की आवश्यकता जताई और कहा कि उत्तर प्रदेश में उनकी पार्टी की सरकार बनने पर युवा आयोग के माध्यम से युवाओं से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाया जाएगा। कार्यक्रम को पार्टी की ओर से उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों से जोड़कर देखा जा रहा है।

चिराग पासवान ने कहा कि युवाओं के अधिकारों की जानकारी उन्हें स्वयं होनी चाहिए और उनके हितों की रक्षा के लिए प्रभावी व्यवस्था जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं के बार-बार निरस्त होने से युवाओं को आर्थिक और मानसिक परेशानी उठानी पड़ती है। परीक्षा केंद्र दूर होने पर अभ्यर्थियों को यात्रा, ट्रेन और अन्य खर्च उठाने पड़ते हैं। ऐसी व्यवस्था में बदलाव की आवश्यकता है, जिससे युवाओं को अनावश्यक परेशानी न हो।

उन्होंने कहा कि सरकारों की जिम्मेदारी है कि युवाओं के लिए रोजगार और सुविधाओं की पर्याप्त व्यवस्था करें। निजी कंपनियों द्वारा मनमाने तरीके से शुल्क वसूले जाने की शिकायतों पर भी ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने रोजगार के अवसर बढ़ाने के साथ युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दिया।

चिराग पासवान ने युवाओं से नौकरी पाने वाले के साथ नौकरी देने वाला बनने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवा केवल रोजगार तलाशने तक सीमित न रहें, बल्कि अपने कौशल और विचारों के माध्यम से रोजगार के नए अवसर पैदा करें। पैकेजिंग, स्वरोजगार और छोटे उद्यमों के माध्यम से युवा स्वयं आगे बढ़ने के साथ अपने साथियों को भी रोजगार उपलब्ध करा सकते हैं।

उन्होंने कहा कि युवाओं की राजनीति में भागीदारी भी जरूरी है। इंजीनियर, चिकित्सक, शिक्षक और विभिन्न क्षेत्रों में विशेषज्ञता रखने वाले युवा राजनीति में आएंगे।

## बाढ़ प्रभावित इलाकों में बिजली आपूर्ति बंद कर जल निकासी तेज कराएं : सुरेंद्र मैथानी

**कानपुर।** बाढ़ प्रभावित इलाकों में लोगों की सुरक्षा को देखते हुए जहां भी बिजली आपूर्ति जारी है, उसे तत्काल बंद कराने और जल निकासी के लिए अतिरिक्त पंप लगाने के निर्देश दिए हैं। यह बातें रविवार को गोविंद नगर विधायक सुरेंद्र मैथानी ने रविवार को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के निरीक्षण के दौरान कही।



लगातार हो रही बारिश के कारण पांडु नदी का जलस्तर बढ़ने और पानी के बैक मारने से गोविंद नगर विधानसभा क्षेत्र के सुंदर नगर (पनकी), रविदासपुरम और बिहारी टोला समेत कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई है। कई घरों में पानी घुसने की सूचना पर विधायक ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया और स्थानीय लोगों से उनकी समस्याएं जानीं।

निरीक्षण के दौरान विधायक ने प्रशासन और संबंधित विभागों के अधिकारियों को राहत-बचाव कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि पानी में करंट उतरने की आशंका को देखते हुए प्रभावित क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बंद रखना जरूरी है, ताकि किसी तरह की अप्रिय घटना न हो। जलभराव वाले क्षेत्रों से पानी निकालने के लिए अतिरिक्त पंप लगाने के भी निर्देश दिए गए।

## विश्व पर्यटन दिवस पर हेरीटेज वॉक और चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** विश्व पर्यटन दिवस-2026 के अवसर पर रविवार को क्षेत्रीय पर्यटन कार्यालय, प्रयागराज एवं पर्यटन विभाग, उत्तर प्रदेश की ओर से होटल राही इलावर्त, सिविल लाइंस में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हेरीटेज वॉक, विरासतीय स्थलों पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता, छायाप्रति प्रदर्शनी, ग्रामीण पर्यटन प्रस्तुतीकरण तथा सम्मान समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि इलाहाबाद हाईकोर्ट की न्यायमूर्ति मंजू रानी चौहान ने किया। उन्होंने विरासतीय स्थलों पर आधारित चित्र एवं चित्रकला प्रदर्शनी तथा अभिलेख प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इसके बाद विश्व पर्यटन दिवस-2026 की थीम 'डिजिटल एजेंडा और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' पर गोष्ठी आयोजित की गई।




क्षेत्रीय पर्यटक अधिकारी ने पर्यटन को रोजगारपरक बनाने, इसके समावेशी विकास को बढ़ावा देने, स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने तथा प्रयागराज में पर्यटन की संभावनाओं को विकसित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने पर्यटन नीति-2022 के तहत जनपद में पंजीकृत इकाइयों और पर्यटन से जुड़े विभिन्न प्रयासों की जानकारी भी दी।

कार्यक्रम के दौरान युवा पर्यटन क्लब के विद्यार्थियों ने विरासतीय स्थलों पर लाइव पेंटिंग प्रस्तुत की। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले स्थानीय नवोदित कलाकारों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में चैंबर ऑफ कॉमर्स ईस्टर्न यूपी के अध्यक्ष विनय टंडन, उद्योगपति एवं मंडलीय उद्योग बंधु के सदस्य जीएस दरबारी, आकाश गुप्ता, होटल एवं रेस्टोरेंट वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह, श्रेय केसरवानी, वैभव मनी, संस्कृति विभाग के राकेश कुमार वर्मा, डीपी सिंह सहित पर्यटन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## संपादकीय

# योगी की पाती और बदलते यूपी का सपना

**प्रो. आरके जैन अरिजीत**

कभी उत्तर प्रदेश की पहचान उसके सामर्थ्य से नहीं, उसकी बदहाली से होती थी। अब उसी प्रदेश की पहचान बदलने का दावा है। योगी आदित्यनाथ की पाती इसी बदलाव का खाका सामने रखती है–बीमारू से आर्थिक शक्ति और अवसरों के केंद्र तक पहुंचने का। 25 से 29 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा में होने वाला चौथा यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो इस दावे को दुनिया के सामने रखने का बड़ा मंच है। यह महज व्यापारिक प्रदर्शनी नहीं, नौ वर्षों की विकास-यात्रा का प्रदर्शन भी है। एमएसएमई और ओडीओपी जैसी योजनाओं से चार करोड़ से अधिक रोजगार अवसरों का दावा, बढ़ता निर्यात तथा निवेश इस परिवर्तन के आधार के रूप में रखे गए हैं। लेकिन असली सवाल यहीं से शुरू होता है–इन आंकड़ों की चमक जमीन पर कितनी बदली हुई जिंदगी में दिखाई देती है।

जिस प्रदेश का नाम कभी पिछड़ेपन, बेरोजगारी और पलायन से जुड़ा था, वही अब अपनी आर्थिक पहचान बदलने की कोशिश में है। विशाल आबादी, कमजोर औद्योगिक आधार, सीमित अवसर और कानून-व्यवस्था की पुरानी छवि ने लंबे समय तक यूपी को ह्वबीमारूह्न बनाए रखा। अब सरकार इस तस्वीर को बदलकर ह्वउत्सव प्रदेशह्न की पहचान गढ़ने का दावा कर रही है। इसकी बुनियाद बड़े आयोजनों से अधिक स्थानीय हुनर को बाजार से जोड़ने में है। ह्वएक जनपद एक उत्पादह्न ने काशी की रेशमकारी, मुरादाबाद के पीतल और अलीगढ़ के तालों जैसे पारंपरिक उत्पादों को बाजार दिया। अब ह्वएक जनपद एक व्यंजनह्न इसी सोच को स्वाद और संस्कृति तक ले जा रहा है। लक्ष्य है–स्थानीय पहचान को बाजार की ताकत और वैश्विक पहचान में बदलना।

यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो स्थानीय उत्पादों को वैश्विक बाजार तक पहुंचाने की अगली कड़ी है। इस बार जापान, वियतनाम, रूस, सिंगापुर, ऑस्ट्रिया और बेलारूस साझेदार देश हैं। करीब 72 देशों से 600 अंतरराष्ट्रीय खरीदार और 2,400 से अधिक प्रदर्शक जुटेंगे। लेकिन सफलता भीड़ या भव्यता से नहीं, कारोबार से तय होगी–विदेशी खरीदार उत्पाद पसंद करने के साथ ऑर्डर दे, दोबारा लौटे और स्थानीय उद्यमी उत्पादन बढ़ाए, तभी यह आयोजन आर्थिक सफलता बनेगा। उत्तर प्रदेश के सामने अब ह्ववोकल फॉर लोकलह्न को वैश्विक सप्लाई चेन से जोड़ने की चुनौती है। इसके लिए कारीगर को डिजाइन, पूंजी, तकनीक, गुणवत्ता, पैकेजिंग और निर्यात की समग्र व्यवस्था देनी होगी।

विकास की सबसे बड़ी कसौटी रोजगार है। सरकार पिछले नौ वर्षों में साढ़े नौ लाख सरकारी नियुक्तियों और अगले छह महीनों में एक लाख और नियुक्तियों की बात करती है। एमएसएमई और ओडीओपी से चार करोड़ से अधिक रोजगार अवसरों का दावा भी इसी तस्वीर का हिस्सा है। युवाओं से नौकरी मांगने के बजाय नौकरी देने वाला बनने को कहा जा रहा है। लेकिन उद्यमिता के लिए बैंक ऋण, बाजार, कौशल, तकनीक, बिजली, सरल नियम और कारोबारी भरोसा जरूरी हैं। चार करोड़ अवसरों की असली तस्वीर तभी सामने आएगी, जब पता चले कि कितने स्थायी हैं, कितनों से पर्याप्त आय हो रही है और कितने युवाओं का रोजगार के लिए प्रदेश से बाहर जाना घटा है। यूपी का सपना तभी मजबूत होगा, जब युवा अपना भविष्य इसी प्रदेश में देख सके।

एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य तभी सार्थक है, जब यूपी की संभावनाएं जमीन पर आर्थिक गतिविधि में बदलें। प्रदेश के पास बड़ा बाजार, श्रमशक्ति, कृषि, उद्योग और घरेलू मांग है। एक्सप्रेसवे, औद्योगिक गलियारे, रक्षा उत्पादन, इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी, पर्यटन, कृषि-प्रसंस्करण और एमएसएमई इसके विस्तार के आधार हैं। कानून-व्यवस्था में सुधार और बुनियादी ढांचा निवेश की जमीन तैयार करते हैं। लेकिन निवेश प्रस्ताव और वास्तविक निवेश अलग हैं।

# बैंकिंग और यूपीआई क्या है शुल्क के नियम और उपभोक्ताओं पर प्रभाव

**आचार्य सी.ए., प्रा., डॉ. शंकर घनशामदास अंदानी**

आज बैंकिंग व्यवस्था केवल बैंक की शाखा तक सीमित नहीं रह गई है। मोबाइल फोन, इंटरनेट और डिजिटल भुगतान ने बैंकिंग सेवाओं को घर-घर तक पहुंचा दिया है। इस परिवर्तन में यूपीआई यानी एकीकृत भुगतान प्रणाली की महत्वपूर्ण भूमिका है। एनपीसीआई के अनुसार यूपीआई एक तत्काल भुगतान प्रणाली है, जिसे भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने विकसित किया है और जो बैंक खातों के बीच तुरंत धन हस्तांतरण की सुविधा देती है।

बैंकिंग क्या है

बैंकिंग का अर्थ ऐसी वित्तीय व्यवस्था से है, जिसमें बैंक लोगों और संस्थाओं के धन को सुरक्षित रखने, जमा स्वीकार करने, ऋण देने, धन हस्तांतरण करने तथा विभिन्न वित्तीय सेवाएं उपलब्ध कराने का काम करते हैं। किसी व्यक्ति का बचत खाता, चालू खाता, सावधि जमा, ऋण, एटीएम, इंटरनेट बैंकिंग और मोबाइल बैंकिंग–ये सभी बैंकिंग व्यवस्था के महत्वपूर्ण हिस्से हैं। पहले पैसे भेजने के लिए बैंक की शाखा जाना पड़ता था। इसके बाद चेक, एटीएम, एनईएफटी, आरटीजीएस और आईएमपीएस जैसी सुविधाएं आईं। अब यूपीआई ने छोटे-बड़े डिजिटल भुगतानों को और सरल बना दिया है।

**यूपीआई क्या है**

यूपीआई का पूरा नाम एकीकृत भुगतान प्रणाली है। यह ऐसी डिजिटल भुगतान प्रणाली है, जिसके माध्यम से मोबाइल फोन से एक बैंक खाते से दूसरे बैंक खाते में पैसा भेजा जा सकता है। उदाहरण के लिए, यदि किसी व्यक्ति को 500 भेजने हैं, तो वह यूपीआई ऐप खोलकर मोबाइल नंबर, यूपीआई पहचान अथवा क्यूआर संकेतक के माध्यम से भुगतान कर सकता है।

यूपीआई में भुगतान को अधिकृत करने के लिए सामान्यतः यूपीआई गुप्त अंक की आवश्यकता होती है। एनपीसीआई के अनुसार यूपीआई भुगतान 24 घंटे और सप्ताह के सातों दिन किया जा सकता है।

यूपीआई कैसे काम करता है

यूपीआई के माध्यम से भुगतान के सामान्य तरीके हैं–

यूपीआई पहचान से भुगतान

मोबाइल नंबर से भुगतान

क्यूआर संकेतक को स्कैन करके भुगतान

बैंक खाता और आईएफएससी के माध्यम से कुछ सेवाएं

ऑनलाइन खरीदारी में यूपीआई

बिल भुगतान

दुकानदार को डिजिटल भुगतान

व्यक्ति से व्यक्ति धन हस्तांतरण

भीम जैसे यूपीआई ऐप में भी यूपीआई पहचान, बैंक खाते और क्यूआर संकेतक के माध्यम से भुगतान की सुविधा उपलब्ध है।

क्या यूपीआई पर कोई शुल्क लगता है


यहां सबसे महत्वपूर्ण बात समझना जरूरी है। सामान्य बैंक-खाता आधारित यूपीआई भुगतान के लिए ग्राहक से कोई सामान्य यूपीआई शुल्क लगाए जाने की व्यवस्था नहीं है।एनपीसीआई की प्रश्नोत्तर जानकारी में पीपीआई यानी पूर्व-भुगतान भुगतान साधन से जुड़े यूपीआई लेन-देन के संबंध में भी स्पष्ट किया गया है कि ग्राहक अथवा पीपीआई धारक से यूपीआई लेन-देन के लिए शुल्क नहीं लिया जाता। इसलिए सामाजिक माध्यमों पर यदि यह खबर दिखाई दे कि "अब हर यूपीआई भुगतान पर ग्राहक से शुल्क लिया जाएगा", तो उसे सीधे सत्य मानना उचित नहीं है।

फिर यूपीआई शुल्क की चर्चा क्यों होती है

यूपीआई व्यवस्था में अलग-अलग पक्ष होते हैं–ग्राहक, बैंक, भुगतान ऐप, व्यापारी और भुगतान नेटवर्क। इनके बीच होने वाले कुछ अंतर-बैंक शुल्क या प्रक्रिया शुल्क को ग्राहक द्वारा सीधे दिए जाने वाले शुल्क से अलग समझना चाहिए।

# पिघलते ग्लेशियर और खोखले होते पहाड़: चेतावनी सुने

**ललित गर्ग**



विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस 2026 का संदेश है- पर्यावरण स्वास्थ्य-समुदायों की रक्षा के लिए विज्ञान के साथ खड़े होना। यह थीम केवल पर्यावरण की रक्षा का आान नहीं है, बल्कि विज्ञान, प्रमाण और सामूहिक जिम्मेदारी को मानव स्वास्थ्य की सुरक्षा से जोड़ती है। आज सबसे बड़ी आवश्यकता यही समझने की है कि पर्यावरण और स्वास्थ्य दो अलग-अलग विषय नहीं हैं। जिस हवा में हम सांस लेते हैं, जिस पानी को पीते हैं, जिस मिट्टी में अन्न उगता है, जिस तापमान में हमारा शरीर जीता है और जिस जैव-विविधता के बीच हमारा जीवन चलता है, ये सभी हमारे स्वास्थ्य के अदृश्य आधार हैं। पर्यावरण बीमार होगा तो मनुष्य स्वस्थ नहीं रह सकता और मनुष्य का अस्वस्थ जीवन पर्यावरण को और अधिक बीमार करेगा। दुनिया की आबादी आठ अरब से अधिक हो चुकी है और जल-संकट अब भविष्य की आशंका नहीं, वर्तमान की वास्तविकता है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार लगभग 3.6 अरब लोग वर्ष में कम-से-कम एक महीने अपर्याप्त जल उपलब्धता का सामना करते हैं। वर्ष 2000 के बाद बाढ़ से जुड़ी आपदाओं में 134 प्रतिशत और सूखे की संख्या व अवधि में 29 प्रतिशत वृद्धि हुई है। इसका अर्थ केवल इतना नहीं कि पानी कम हो रहा है, इसका अर्थ यह भी है कि बीमारियां, विस्थापन, खाद्य-असुरक्षा और मानसिक तनाव बढ़ने की जमीन तैयार हो रही है।

जलवायु परिवर्तन का सबसे कठोर चेहरा आज मानव शरीर पर दिखाई दे रहा है। डब्ल्यू.एच.ओ. के अनुसार 2000-2004 की तुलना में 2017-2021 के दौरान 65 वर्ष से अधिक आयु के लोगों में गर्मी से संबंधित मृत्यु-दर लगभग 85 प्रतिशत बढ़ी। गर्मी केवल असुविधा नहीं है, यह हृदय, श्वसन, मधुमेह, मानसिक स्वास्थ्य और अन्य बीमारियों को गंभीर बना सकती है। इसीलिए जलवायु नीति को स्वास्थ्य नीति से अलग देखने का समय समाप्त हो चुका है। वास्तव में पर्यावरणीय जोखिम आज वैश्विक स्वास्थ्य का मौन संकट बन चुके हैं। डब्ल्यू.एच.ओ. के अनुसार पर्यावरण से जुड़े जोखिमों को कम करके दुनिया में होने वाली लगभग 24 प्रतिशत मौतों को रोका जा सकता है। वायु प्रदूषण अकेले हर वर्ष लाखों समयपूर्व मौतों से जुड़ा है। इसलिए अस्पतालों की संख्या बढ़ाना ही स्वास्थ्य व्यवस्था का अंतिम लक्ष्य नहीं हो सकता। यदि हवा प्रदूषित है, पानी असुरक्षित है, मिट्टी जहरीली है और शहरों में गर्मी बढ़ रही है, तो बीमारी के कारणों को छोड़े रखकर केवल इलाज की व्यवस्था बढ़ाना अधूरा प्रयास होगा।

आज दुनिया को इलाज आधारित स्वास्थ्य व्यवस्था से रोकथाम आधारित पर्यावरणीय स्वास्थ्य व्यवस्था की ओर बढ़ना होगा। अस्पताल बीमारी आने के बाद काम करता है, लेकिन स्वच्छ हवा बीमारी आने से पहले ही उसकी संभावना कम कर देती है। सुरक्षित पेयजल अस्पतालों पर बोझ घटाता है। हरित क्षेत्र मानसिक स्वास्थ्य को सहारा देते हैं। स्वच्छ ऊर्जा श्वसन रोगों का जोखिम घटाती है। बेहतर सार्वजनिक परिवहन वायु प्रदूषण और कार्बन उत्सर्जन दोनों को कम कर सकता है। यही पर्यावरण और स्वास्थ्य का वास्तविक सहजीवन है। इसलिए विकास की परिभाषा पर भी पुनर्विचार जरूरी है। ऊंची इमारतें, चौड़ी सड़कें, अधिक उपभोग और अधिक उत्पादन अपने आप में विकास नहीं हैं। विकास वह है जिसमें मनुष्य के साथ नदी, जंगल, मिट्टी, पशु-पक्षी और आने वाली पीढ़ियों के जीवन का भी स्थान हो। यूएनईपी के नवीनतम ग्लोबल इनवारमेंट आउटलुक-7 ने भी रेखांकित किया है कि स्थिर जलवायु, स्वस्थ प्रकृति, बेहतर भूमि-प्रबंधन और प्रदूषण-मुक्त वातावरण में निवेश से आने वाले दशकों में अर्थव्यवस्था को बड़े लाभ मिल सकते हैं, जबकि वर्तमान विनाशकारी रास्ता जलवायु, जैव-विविधता, भूमि और स्वास्थ्य पर भारी कीमत डाल सकता है।

यहां भारत के लिए भी एक बड़ी संभावना छिपी है। जल-संरक्षण को केवल सरकारी योजना न बनाकर जन-आंदोलन बनाना होगा। वर्षाजल संचयन, तालाबों और झीलों का पुनर्जीवन, नदियों के प्राकृतिक प्रवाह की रक्षा, भूजल का वैज्ञानिक प्रबंधन, जल-अपव्यय पर नियंत्रण और कृषि में कम पानी वाली तकनीकों का विस्तार-ये सब पर्यावरण नीति के साथ-साथ स्वास्थ्य नीति भी हैं। हर पुनर्जीवित तालाब केवल पानी नहीं बचाता, वह भविष्य की बीमारी, विस्थापन और खाद्य-संकट को भी कम करने में योगदान देता है। इसी प्रकार जंगलों और जैव-विविधता की रक्षा को भी स्वास्थ्य के केंद्र में लाना होगा। मनुष्य ने जब जंगलों को काटा, वन्यजीवों के प्राकृतिक आवासों को नष्ट किया और प्रकृति के संतुलन को तोड़ा, तो उसका प्रभाव केवल पेड़-पौधों तक सीमित नहीं रहा। डब्ल्यू.एच.ओ. आज पर्यावरण, पशु और मानव स्वास्थ्य को एक साथ देखने वाले वन हैल्थ दृष्टिकोण पर बल देता है। इसका संदेश स्पष्ट है-मानव स्वास्थ्य को पृथक द्वीप की तरह सुरक्षित नहीं किया जा सकता, स्वस्थ मनुष्य के लिए स्वस्थ पारिस्थितिकी तंत्र आवश्यक है।

नई दिशा यह होनी चाहिए कि प्रत्येक शहर अपना पर्यावरण स्वास्थ्य बजट बनाए। इसमें केवल सड़क और भवन नहीं, बल्कि प्रति व्यक्ति हरित क्षेत्र, स्वच्छ हवा, सुरक्षित पानी, वृक्ष आवरण, जल-संचयन, कचरा प्रबंधन, गर्मी से सुरक्षा और जैव-विविधता जैसे मानकों को भी शामिल किया जाए। प्रत्येक विद्यालय में बच्चों को केवल पर्यावरण दिवस पर पौधा लगाने तक सीमित न रखा जाए, बल्कि उन्हें अपने क्षेत्र की नदी, तालाब, जलस्तर, वायु गुणवत्ता और जैव-विविधता का स्थानीय संरक्षक बनाया जाए। अस्पतालों को भी ऊर्जा-कुशल, कम-कार्बन और जल-संरक्षण आधारित बनाया जाए। विज्ञान इस अभियान का मार्गदर्शक बने और संवेदना उसका आधार। आंकड़े हमें संकट का आकार बताते हैं, लेकिन संवेदना हमें कार्रवाई के लिए प्रेरित करती है। हमें यह स्वीकार करना होगा कि प्रकृति कोई बाहरी वस्तु नहीं है जिसे हम बचा रहे हैं, हम स्वयं प्रकृति का हिस्सा हैं। नदी को बचाना अपने रक्त में बहते जल को बचाना है, जंगल को बचाना अपनी सांस को बचाना है, मिट्टी को बचाना अपने भोजन को बचाना है और जलवायु को बचाना अपने भविष्य को बचाना है। आज आवश्यकता पर्यावरण बनाम विकास की बहस की नहीं, बल्कि पर्यावरण-सम्मत विकास की है। विज्ञान हमें रास्ता दिखा रहा है और प्रकृति हमें उसकी कीमत का संकेत दे रही है। अब निर्णय मनुष्य को करना है कि वह संसाधनों का स्वामी बनकर उन्हें समाप्त करेगा या संरक्षक बनकर उन्हें आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाएगा।

विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस 2026 का वास्तविक संदेश यही होना चाहिए-स्वास्थ्य मंत्रालय अकेले स्वस्थ समाज नहीं बना सकता और पर्यावरण मंत्रालय अकेले स्वस्थ पृथ्वी नहीं बचा सकता। दोनों को एक साथ चलना होगा। स्वच्छ हवा, निर्मल जल, स्वस्थ मिट्टी, सुरक्षित भोजन, संतुलित जलवायु और समृद्ध जैव-विविधता-ये पर्यावरण के विषय भर नहीं, मानव जीवन के मौलिक अधिकार हैं। अंततः हमें ऐसी दुनिया बनानी है जहां अस्पताल कम और स्वस्थ जीवन अधिक दिखाई दे, जहां बोतलबंद पानी खरीदना मजबूरी नहीं, सुरक्षित प्राकृतिक जल सामान्य जीवन का हिस्सा हो। जहां वृक्ष सजावट नहीं, जीवन-सहचर माने जाएं, जहां नदी संसाधन नहीं, जीवंत धरोहर समझी जाए। पर्यावरण को स्वस्थ करना ही मानव स्वास्थ्य को स्वस्थ करना है और मानव जीवन को स्वस्थ बनाना ही पर्यावरण की सबसे बड़ी सुरक्षा है। यही सोच स्वस्थ पर्यावरण, स्वस्थ मनुष्य और स्वस्थ विश्व की नई त्रिवेणी बना सकती है।

# लोकतंत्र की बुनियाद पर चोट: जब कानून के रक्षक ही बनने लगें भक्षक

**अशोक भाटिया**



संवैधानिक मयार्दाओं, लोकतांत्रिक मूल्यों और ह्वजनता के, जनता द्वारा, जनता के लिएह्न शासन के संकल्प से निर्मित हमारा गणतंत्र आज एक गंभीर आंतरिक संकट के दौर से गुजर रहा है। यह संकट किसी बाहरी शत्रु का नहीं, बल्कि व्यवस्था की रगों में फैल चुके उस अदृश्य विष का है जिसे हम ह्वभ्रष्टाचारह्न कहते हैं। गणतंत्र की नींव लोक-कल्याण, समानता और न्याय पर टिकी होती है, लेकिन जब इस नींव को भ्रष्टाचार रूपी घुन अंदर ही अंदर चाटने लगे, तो लोकतंत्र का भव्य ढांचा बाहर से जितना भी मजबूत दिखाई दे, भीतर से वह खोखला होने लगता है। भ्रष्टाचार केवल धन का अवैध लेन-देन या आर्थिक अपराध नहीं है; यह वास्तव में एक नैतिक पतन है जो आम नागरिक के अधिकारों का हनन करता है और राज्य की संप्रभुता व साख को सीधे तौर पर चुनौती देता है। वैश्विक स्तर पर देखें तो ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल के भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक में भारत भले ही ९१वें पायदान पर पहुंच गया हो, लेकिन १०० में से ३९ का स्कोर यह साफ दशार्ता है कि हमारा गणतंत्र अभी भी एक गंभीर खतरे के साए में है। जब एक आम नागरिक को अपने मौलिक अधिकारों, बुनियादी सुविधाओं और न्याय के लिए भी रिश्वत या रसूख का सहारा लेना पड़े, तो समझ लेना चाहिए कि गणतंत्र की आत्मा लहूलुहान हो रही है।

आजादी के बाद से हमने एक ऐसे कल्याणकारी राज्य की कल्पना की थी, जहां समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक विकास की किरणें पहुंचेंगी। किंतु, धरातल की सच्चाई आज भी इसके विपरीत खड़ी दिखाई देती है। हाल ही में सामने आए बड़े वित्तीय अपराधों ने इस बात की पुष्टि की है कि भ्रष्टाचार ने अब एक नया और डिजिटल रूप अख्तियार कर लिया है। भारतीय रिजर्व बैंक की हालिया रिपोर्ट के चौंकाने वाले आंकड़े बताते हैं कि बैंकिंग क्षेत्र में धोखाधड़ी और घोटालों के मामले १०,००० के पार जा चुके हैं, जिनमें ४८,०२१ करोड़ रुपये से अधिक की जनता की गाढ़ी कमाई दांव पर लगी है। यह आंकड़े केवल बैंकिंग धोखाधड़ी के नहीं हैं, बल्कि यह उस भरोसे का कत्ल है जो एक आम आदमी देश के वित्तीय तंत्र पर करता है। प्रशासनिक तंत्र में व्याप्त लालफीताशाही और बड़ी कॉर्पोरेट साठगांठ ने एक समानांतर व्यवस्था खड़ी कर दी है, जहां नीतिगत भ्रष्टाचार के जरिए देश के संसाधनों की खुली लूट हो रही है।

लोकतंत्र के सबसे बड़े स्तंभ यानी चुनाव प्रणाली की शुचिता भी आज तीखे राजनीतिक आरोपों के घेरे में है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने हाल ही में (२४ सितंबर, २०२६) एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से चुनावी सूचियों में बड़े पैमाने पर हेरफेर का आरोप लगाते हुए इसे ह्लवोट चोरीह्व करार दिया है। राहुल गांधी का आरोप है कि मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयोग द्वारा विपक्षी समुदायों, दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों के नाम जानबूझकर मतदाता सूचियों से हटाए जा रहे हैं और उन्होंने इसे सीधे तौर पर ह्लसंविधान के खिलाफ बड़ा अपराध और देशद्रोहह्व बताया है। हालांकि, सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए राहुल गांधी को ह्लभ्रम फैलाने का उस्तादह्व कहा है और इन दावों को बिना किसी पुख्ता सबूत के राजनीति से प्रेरित बताया है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने यूपीआई ट्रांजैक्शन पर लगने वाले शुल्कों और डिजिटल पेमेंट्स को लेकर भी सरकार पर ह्लअमेरिकी कंपनियों के दबाव में काम करनेह्व और आम जनता को लूटने के नीतिगत भ्रष्टाचार के आरोप मढ़े हैं। इस प्रकार के गंभीर आरोप-प्रत्यारोप और संस्थागत विश्वसनीयता पर उठते सवाल इस बात का स्पष्ट संकेत हैं कि तंत्र के भीतर गहरा अविश्वास पनप रहा है।

भ्रष्टाचार का सबसे भयावह रूप हमारे लोकतांत्रिक संस्थानों और बुनियादी अधिकारों से जुड़े विभागों में देखने को मिलता है। जब शिक्षा, भर्ती और खेल आयोजनों जैसे पवित्र क्षेत्रों में भी भ्रष्टाचार का वायरस घुस जाए, तो गणतंत्र का भविष्य ही दांव पर लग जाता है। पश्चिम बंगाल के बहुचर्चित स्कूल सेवा आयोग भर्ती घोटाले जैसी घटनाएं इसका ज्वलंत उदाहरण हैं, जहां मेधावी छात्र सड़कों पर न्याय के लिए भीख मांगते रहे और अयोग्य लोगों को पैसों के दम पर नौकरियां बांट दी गईं। इतना ही नहीं, खेल जगत से लेकर वित्तीय संस्थानों तक जांच एजेंसियों द्वारा देश के प्रतिष्ठित वित्तीय संस्थानों जैसे एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस से जुड़े ?१,३२२ करोड़ के कथित ऋण घोटाले की हालिया जांच यह साबित करती है कि बड़ी मछलियां आज भी कानून की नाक के नीचे देश के संसाधनों को खोखला कर रही हैं। जब देश की संपदा और युवाओं का भविष्य भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता है, तो देश के समग्र विकास की गति अवरुद्ध होना अनिवार्य है।

इस विकराल समस्या से निपटने के लिए हमारे पास वैधानिक अस्त्रों की कमी नहीं है, लेकिन चिंता का विषय उनका प्रभावी क्रियान्वयन है। भारत में भ्रष्टाचार के खिलाफ मुख्य कवच भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, १९८८ है, जिसमें समय के साथ कड़े बदलाव किए गए हैं। २०१८ के संशोधन के माध्यम से इस कानून को और अधिक धारदार बनाने का प्रयास किया गया, जिसके तहत अब केवल रिश्वत लेने वाले लोक सेवक ही नहीं, बल्कि रिश्वत देने वाले को भी सीधे तौर पर अपराधी माना गया है और उनके लिए ७ साल तक की कैद का प्रावधान है। इसके अलावा, लोक सेवकों की संपत्तियों की कुर्की और मुकदमों को निपटाने के लिए २ साल की समय-सीमा तय की गई है।

# बेरोजगारी और विकास : भारत 2014-2026

**लेखक : सी. ए. डॉ. शंकर घनश्याम दास अंधानी**

भारत में 2014 से 2026 के बीच आर्थिक विकास के साथ रोजगार का प्रश्न लगातार महत्वपूर्ण बना रहा है। इस अवधि में बुनियादी ढांचा, डिजिटल अर्थव्यवस्था, विनिर्माण, सेवा क्षेत्र, स्टार्टअप और स्वरोजगार में विस्तार हुआ, लेकिन रोजगार की संख्या के साथ उसकी गुणवत्ता और नियमितता भी महत्वपूर्ण चुनौती रही है। रोजगार की स्थिति समझने के लिए सरकार का प्रमुख आधिकारिक स्त्रोत आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) है, जिसकी शुरूआत 2017 में हुई।

**बेरोजगारी की स्थिति**

सरकारी आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण के अनुसार 2017-18 से 2019-20 के बीच रोजगार में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। 2018-19 से 2019-20 के दौरान लगभग 4.75 करोड़ अतिरिक्त लोग रोजगार से जुड़े। इनमें लगभग 2.99 करोड़ महिलाएं थीं। हालांकि, इनमें लगभग 65 प्रतिशत नए रोजगार स्वरोजगार की श्रेणी में थे और महिला स्वरोजगार का बड़ा हिस्सा अवैतनिक पारिवारिक काम से संबंधित था। इससे स्पष्ट होता है कि केवल रोजगार की संख्या बढ़ना पर्याप्त नहीं है; आय, सामाजिक सुरक्षा और रोजगार की गुणवत्ता भी महत्वपूर्ण हैं।

2025 के आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण की वार्षिक रिपोर्ट में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों की श्रम बल भागीदारी दर 59.3 प्रतिशत रही। पुरुषों के लिए यह 79.1 प्रतिशत और महिलाओं के लिए 40.0 प्रतिशत थी। शिक्षित व्यक्तियों की बेरोजगारी दर 2024 के 7.0 प्रतिशत से घटकर 2025 में 6.5 प्रतिशत हुई। नियमित वेतनभोगी रोजगार की हिस्सेदारी भी 22.4 प्रतिशत से बढ़कर 23.6 प्रतिशत हुई।

**2026 की स्थिति**

आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण के नए मासिक आंकड़े रोजगार बाजार की अधिक नियमित निगरानी उपलब्ध कराते हैं। जुलाई 2026 में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों के लिए वर्तमान साप्ताहिक स्थिति के आधार पर बेरोजगारी दर 5.1 प्रतिशत, श्रम बल भागीदारी दर 55.4 प्रतिशत और श्रमिक जनसंख्या अनुपात 52.5 प्रतिशत दर्ज किया गया।

विकास और रोजगार की चुनौती

आर्थिक विकास में निवेश और बुनियादी ढांचे की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 में रोजगार एवं कौशल विकास को स्वतंत्र प्रमुख विषय के रूप में शामिल किया गया है। साथ ही उद्योग, सेवा, बुनियादी ढांचा, शिक्षा और कौशल के बीच बेहतर तालमेल पर जोर दिया गया है।

**निष्कर्ष**

2014-2026 के दौरान भारत की विकास यात्रा में रोजगार के कई सकारात्मक संकेत दिखाई देते हैं, लेकिन युवाओं, महिलाओं और शिक्षित वर्ग के लिए पर्याप्त, नियमित और बेहतर वेतन वाले रोजगार का विस्तार अभी भी महत्वपूर्ण चुनौती है। आगे भारत को केवल सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि नहीं, बल्कि रोजगार-सृजन वाली विकास रणनीति पर अधिक जोर देना होगा–विशेषकर विनिर्माण, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, आधुनिक कृषि, कौशल प्रशिक्षण, डिजिटल सेवाओं और महिला रोजगार के क्षेत्र में।

# डिजिटल युद्ध के झांसे में युवा वर्ग

**सुरेश हिंदुस्तानी**



कहा जाता है कि किसी भी व्यक्ति या समाज को उद्देश्य विहीन करने के लिए उसको किसी विषय में ऐसा उलझा दिया जाए, जो उसकी दिशा को बदल दे। आज सोशल मीडिया पर बहुत बड़े पैमाने पर यही खेल चल रहा है। तर्क और कुतर्क के सहारे नैरेटिव गढ़ने का यह प्रयास निश्चित ही देश के लिए घातक ही कहा जाएगा। आज सोशल मीडिया ही नहीं, बल्कि राजनीतिक प्रचार में भी यह बात गहरे तक दिखाई देती है। समाज को इससे निकलने का प्रयास करना चाहिए, नहीं तो आने वाला समय अपने पैर पर कुल्हाड़ी मारने जैसा ही होगा। खास बात यह है कि इस नैरेटिव को युवा वर्ग और समाज के बीच ले जाने का कार्य कुछ राजनीतिक दल के नेता कर रहे हैं। आज नैरेटिव चलाने के लिए डिजिटल प्लेटफार्म का उपयोग भी किया जा रहा है। जो एक प्रकार से युद्ध के रूप ले चुका है। आज सोशल मीडिया प्लेटफार्म का उपयोग समाज में भेद पैदा करने और युवाओं के मानस को भ्रमित करने के लिए किया जा रहा है।

वर्तमान समय में देश में युद्ध का स्वरूप बदल चुका है। इसके साथ ही यह सत्य है कि किसी भी देश को समाप्त करना हो तो वहां की युवा पीढ़ी को गुमराह कर दीजिए। वह देश स्वतः ही समाप्त हो जाएगा। इस खेल वामपंथी ताकतें आग में घी डालने का काम कर रही हैं। युवाओं के मध्य यह नैरेटिव स्थापित करने का खेल इसलिए भी किया जा रहा है, क्योंकि युवाओं का मन एक कोरे कागज की तरह होता है, उसे जो बताया जाएगा, उसी को सत्य मान लेता है। यह खेल युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने जैसा ही है। इसलिए ऐसे किसी भी कृत्य से बहुत सावधान रहने की आवश्यकता है।

यह एक ऐसा युद्ध है, जिसकी कोई सीमा दिखाई नहीं देती। यह युद्ध सूचनाओं, तस्वीरों, वीडियो, सोशल मीडिया पोस्ट और डिजिटल नैरेटिव के माध्यम से लड़ा जा रहा है। किसी देश की छवि को प्रभावित करना, उसकी संस्थाओं के प्रति अविश्वास पैदा करना और झूठ को इतनी तेजी से फैलाना कि सत्य पीछे छूट जाए। डिजिटल युद्ध की यही सबसे गंभीर चुनौती है। आज सत्य पर प्रहार करने का प्रयास किया जा रहा है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई के विस्तार ने इस खतरे को और जटिल बना दिया है। अगर एआई का उपयोग युवाओं को सार्थक दिशा देने के लिए किया जाए तो इसके अपेक्षित परिणाम भी मिल सकते हैं, लेकिन इसके लिए केवल सरकारी प्रयास ही काफी नहीं हैं, समाज के जागरण में सक्रिय संस्थाओं और व्यक्तियों को खुलकर सामने आना होगा।

आज किसी व्यक्ति के चेहरे और आवाज को बदलकर ऐसा वीडियो तैयार किया जा सकता है, जिसमें किसी वास्तविक घटना के साथ झूठा विवरण जोड़कर उसका अर्थ बदला जा सकता है। यही वह बिंदु है जहां सूचना और दुष्प्रचार के बीच की रेखा धुंधली होने लगती है। हालांकि भारत सरकार ने भी डीपफेक और एआई जनित भ्रामक सामग्री की चुनौती को गंभीरता से लिया है।

लेकिन झूठ की ताकत हमारी जल्दबाजी से बढ़ती है। किसी दुष्प्रचार अभियान की सफलता केवल उसे बनाने वाले पर निर्भर नहीं करती। उसकी असली शक्ति उस समाज से आती है, जो बिना जांचे उसे आगे बढ़ाता है। एक सनसनीखेज शीर्षक दिखाई दिया, भावनाएं भड़कीं और व्यक्ति ने बिना स्त्रोत देखे उसे साझा कर दिया। कुछ ही मिनटों में वह सामग्री हजारों लोगों तक पहुंच जाती है। यहीं नागरिक की जिम्मेदारी शुरू होती है।

# यूपी में सीट बंटवारे पर फंसेगा पेच: कांग्रेस ने चिन्हित की ये 150 सीटें, सपा को ओवैसी-चंद्रशेखर की भी चिंता



**उत्तर प्रदेश**
यूपी विधानसभा चुनाव में लेकर कांग्रेस ने सपा से कड़े मोलभाव की जमीन तैयार की है। कांग्रेस ने सपा से गठबंधन के लिए ब्राह्मण, दलित, मुस्लिम प्रभाव वाली 150 सीटें चुनी हैं। कांग्रेस ने सौ सीटों से कम पर नहीं मानने की रणनीति बनाई है।
उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में सपा और कांग्रेस के बीच सीटों के बंटवारे पर लंबा पेच फंसेगा। दरअसल, कांग्रेस ने चुनाव लड़ने के लिए ब्राह्मण, दलित और मुस्लिम प्रभाव वाली 150 सीटें चिन्हित की हैं।
सपा पर दबाव बनाने के लिए पार्टी के अपने मुस्लिम चेहरों इमरान प्रतापगढ़ी और इमरान मसूद को सक्रिय किया है। पार्टी नेतृत्व का इरादा इस बार राज्य में कम से कम सौ सीटों पर लड़ने की है।
पार्टी सूत्रों के मुताबिक अगले हफ्ते से सपा से सीट बंटवारे के लिए संभावित बातचीत से पहले पूरी तैयारी की गई है। प्रदेश की 403 सीटों को कांग्रेस ने तीन श्रेणियों में विभाजित किया है।
इनमें से 150 ऐसी सीटें चुनी हैं जो सपा के वोट बैंक को मिला दें तो पार्टी के अनुकूल हो जाती है। इनमें से ज्यादातर मुस्लिम, ब्राह्मण व दलित प्रभाव वाली सीटें हैं। सूत्रों ने कहा कि प्रारंभिक बातचीत में सपा से 150 सीटें मांगी जाएगी। हालांकि अंतिम लाइन सौ सीटों की है। इससे नीचे का प्रस्ताव पार्टी मंजूर नहीं करेगी।

**सपा को कराएगी जरूरत का अहसास**
पार्टी के वरिष्ठ नेता ने गठबंधन के संदर्भ में कहा कि सपा को कांग्रेस की ताकत का अंदाजा है। सपा जब 2019 के चुनाव में बसपा के साथ लड़ी थी तब उसे महज पांच सीटें मिली थी। जब हमारे साथ 2024 में लड़ी तो सपा को 37 सीटें मिली। कांग्रेस 2009 में 21 सीटें जीती थी। जब 2019 में अकेले लड़ी तब भी उसे एक सीट मिली। सपा को पता है कि सामाजिक न्याय की नई राजनीति के बाद राहुल गांधी और पार्टी का प्रभाव मुसलमानों, वंचित वर्गों में बढ़ा है। ब्राह्मणों में भी पुरानी साख लौटने के संकेत हैं। ऐसे में सपा इस चुनाव में कांग्रेस को प्रतीकात्मक साथी के रूप में नहीं ले सकती।

**सपा को ओवैसी की भी चिंता**
पार्टी सूत्रों का कहना है कि उत्तर प्रदेश में अगर सपा-कांग्रेस गठबंधन नहीं हुआ तो मुस्लिम-दलित वोटों में बिखराव की संभावना भी बढ़ेगी। ऐसा इसलिए कि इस चुनाव में ओवैसी चंद्रशेखर आजाद समेत कुछ अन्य दलों के साथ गठबंधन करेंगे। ऐसी स्थिति में सपा-कांग्रेस गठबंधन में मुस्लिम मतों में बिखराव को रोक सकती है। चूंकि सपा को इसका अंदाजा है, इसलिए कांग्रेस को लड़ने के लिए सपा से अधिक सीटें मिलने की उम्मीद है।

# "सीएम युवा एक्सपो" में दिखी यूपी के युवाओं की कारोबारी प्रतिभा




**नोएडा।**
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में युवाओं को नौकरी तलाशने वाले नहीं, बल्कि रोजगार देने वाला बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की तस्वीर यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2026 में आयोजित सीएम युवा एक्सपो-2026 में दिखाई दे रही है। इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में आयोजित एक्सपो के दूसरे दिन युवा उद्यमियों के उत्पादों, कारोबार के नए विचारों और सफल कारोबारी मॉडलों को व्यापक मंच मिला।
दूसरे दिन एक्सपो में करीब 15 हजार से अधिक आगंतुक पहुंचे। लोगों ने युवा उद्यमियों के उत्पादों और सेवाओं में रुचि दिखाई। इस दौरान करीब दो लाख रुपये की बी2सी बिक्री हुई, जबकि संभावित खरीदारों, वितरकों और कारोबारी साझेदारों से 1,150 बी2बी पूछताछ दर्ज की गईं। इससे युवा उद्यमियों को अपने उत्पादों के लिए नए बाजार तलाशने और कारोबार को आगे बढ़ाने के अवसर मिले।
दूसरे दिन मंत्री और वरिष्ठ अधिकारियों ने एक्सपो के विभिन्न हॉल का भ्रमण किया। उन्होंने सीएम युवा के स्टॉलों पर प्रदर्शित उत्पादों और कारोबार मॉडलों की जानकारी ली।
युवा उद्यमियों से संवाद करते हुए उनके व्यवसाय, बाजार विस्तार और सीएम युवा योजना से मिले सहयोग के बारे में भी जानकारी प्राप्त की गई।
थीम पवेलियन में आयोजित सत्र के दौरान प्रोजेक्ट गंगा, मिलेनस्ट-जैविक फूड, द मास्टर ब्रांड्स, पिज्जा ओडिला और द पर्ल टाउन ने अपने उत्पादों, कारोबार मॉडल और भविष्य की विस्तार योजनाओं को प्रस्तुत किया। प्रस्तुतियों के माध्यम से युवा प्रतिभागियों को यह समझने का अवसर मिला कि किसी उत्पाद को बाजार की जरूरत के अनुरूप विकसित कर किस प्रकार उसे सफल कारोबार में बदला जा सकता है।
दूसरे दिन आयोजित पिच टैंक में एमिटी यूनिवर्सिटी, आईपीईसी कॉलेज, आईटीएस और जीएल बजाज सहित विभिन्न संस्थानों के चयनित प्रतिभागियों ने निर्णायक मंडल के समक्ष अपने कारोबार विचार और मॉडल प्रस्तुत किए।

# पितृपक्ष: प्रतिप्रदा श्राद्ध पर काशी में गंगा तट पर उमड़े श्रद्धालु,पूर्वजों का पिंडदान और तर्पण किया



**वाराणसी।**
उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी वाराणसी में भाद्रपद मास की पूर्णिमा तिथि से पितृ पक्ष की शुरूआत हो गई। रविवार को प्रतिपदा श्राद्ध तिथि पर अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए बड़ी संख्या में लोग गंगा तट और अनादि विमल तीर्थ पिशाचमोचन कुंड पर श्राद्ध कर्म के लिए उमड़ पड़े। लोगों ने पूरे श्रद्धाभाव से त्रिपिंडी श्राद्ध, पिंडदान, तर्पण और विधि विधान से श्राद्ध कर्म किया। जिनके पूर्वजों की अकाल मृत्यु हुई थी उन्होंने श्रद्धापूर्वक कर्मकांडी ब्राम्हणों से त्रिपिंडी श्राद्ध कराया।
श्राद्धकर्म के लिए दूर-दराज के प्रांतों से श्रद्धालु शनिवार शाम को ही शहर में आ गये थे। रविवार अलसुबह से ही गंगा तट और पिशाचमोचन कुंड गुलजार हो गया। गया जाने के पूर्व पिशाचमोचन कुंड पर अपने पूर्वजों के प्रति श्रद्धा निवेदित करने के लिए लोग श्राद्ध कर्म सुबह से करते रहे। माना जाता है कि तर्पण और श्राद्ध कर्म से पितृदोष से मुक्ति के साथ पितरों की आत्मा भी तृप्त होती है। तर्पण न करने से पितरों को मुक्ति नहीं मिलती और उनकी आत्मा भी मृत्यु लोक में भटकती है। ऐसे में पितृपक्ष में पितरों की आत्मा की शांति के लिए तर्पण किया जाता है।
विष्णुपुराण के अनुसार, श्रद्धापूर्वक श्राद्धकर्म करने से केवल पितृगण ही तृप्त नहीं होते, बल्कि ब्रह्मा, इंद्र, रुद्र, अश्विनीकुमार, सूर्य, अग्नि, अष्टवसु, वायु, ऋषि, मनुष्य, पशु-पक्षी और सरीसृप आदि समस्त भूत प्राणी तृप्त होते हैं। मान्यता है कि आश्विन मास के कृष्ण पक्ष में यमराज भी सभी पितरों को अपने यहां से छोड़ देते हैं, ताकि वे अपनी संतान(वंशजों)से श्राद्ध के निमित्त भोजन ग्रहण कर लें। इस माह में श्राद्ध न करने वालों के पितर अतृप्त होकर उन्हें शाप देकर पितृ लोक लौट जाते है।

# 'कौन बनेगा करोड़पति' के सेट पर वीआईपी गेस्ट के रूप में पहुंचे मुरादाबाद निवासी शशांक शर्मा



**मुरादाबाद।**
लोकप्रिय टेलीविजन कार्यक्रम 'कौन बनेगा करोड़पति' के सेट पर मुरादाबाद निवासी शशांक शर्मा को वीआईपी गेस्ट के रूप में पहुंचने का विशेष अवसर प्राप्त हुआ। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम के सेट का भ्रमण किया और सदी के महानायक अमिताभ बच्चन जी से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद एवं स्नेह प्राप्त किया।
शशांक शर्मा ने बताया कि अमिताभ बच्चन से मुलाकात का यह अवसर उनके लिए बेहद खास और अविस्मरणीय रहा। उन्होंने बताया कि केबीसी के सेट पर पहुंचकर कार्यक्रम की शूटिंग और वहां के माहौल को करीब से देखना उनके लिए जीवन की यादगार स्मृतियों में से एक है।
इस विशेष अवसर के लिए उन्होंने सोनी टेलीविजन पर आने वाले रियलिटी शो के प्रोजेक्ट डायरेक्टर अभिनव श्रीवास्तव के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया।
उन्होंने कहा कि बड़े भाई के सहयोग, स्नेह और मार्गदर्शन से उन्हें कौन बनेगा करोड़पति के सेट पर वीआईपी गेस्ट के रूप में पहुंचने तथा अमिताभ बच्चन से मुलाकात करने का यह यादगार अवसर प्राप्त हुआ।

## अमेठी : मछली पकड़ने गए किशोर की पानी में डूबने से मौत

**अमेठी।**
अमेठी जिले के जामो थाना क्षेत्र स्थित लोरिकपुर गांव में रविवार सुबह पानी में डूबने से एक किशोर की मौत हो गई। किशोर परिजनों के साथ मछली पकड़ने के लिए गांव के पास खेत की ओर गया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचायतनामा की कार्रवाई शुरू कर दी है। लोरिकपुर निवासी रमेश कुमार का पुत्र अंकुश (14) रविवार की सुबह करीब आठ बजे के करीब अपने परिजनों के साथ गांव के पास मछली पकड़ने गया था। इसी दौरान वह खेत की मेड़ पर दौड़ते समय अचानक पानी में गिर गया और डूब गया। परिजनों और आसपास मौजूद लोगों ने जब तक किशोर को पानी से बाहर निकाला, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सीएचसी जामो के डॉक्टरों ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर हाल बेहाल है।
जामो थाना प्रभारी विनोद कुमार सिंह ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से प्राप्त डेथ मेमो के आधार पर पंचायतनामा और पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई प्रचलित है।

## गांव में खुली डिजिटल लाइब्रेरी, विद्यार्थियों की पढ़ाई होगी आसान

**मीरजापुर।**
उत्तर प्रदेश के जनपद मीरजापुर के हलिया विकास खंड की ग्राम पंचायत उमरिया में शनिवार को डिजिटल लाइब्रेरी का शुभारंभ हुआ। भाजपा हलिया मंडल अध्यक्ष दिनेश कुमार अग्रहरि ने फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि लाइब्रेरी शुरू होने से गांव के विद्यार्थियों और युवाओं को पढ़ाई के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए डिजिटल संसाधन गांव में ही उपलब्ध होंगे।
उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को आधुनिक शैक्षिक सामग्री तक पहुंच मिलने से उन्हें पढ़ाई में सुविधा होगी। डिजिटल माध्यमों से विद्यार्थी अपनी जरूरत के अनुसार अध्ययन सामग्री का उपयोग कर सकेंगे। कार्यक्रम में डीसीएफ डायरेक्टर लव कुमार कोल, ग्राम पंचायत सचिव सुनील कुमार चौबे समेत ग्रामीण मौजूद रहे। इस दौरान लाइब्रेरी की सुविधाओं और उसके उपयोग की जानकारी दी गई।

## देवरिया में महुआ पाटन बाजार में तीन ज्वेलरी दुकानों में चोरी

**देवरिया।**
तरकुलवा थाना क्षेत्र के महुआ पाटन बाजार में शुक्रवार देर रात चोरों ने तीन ज्वेलरी दुकानों को निशाना बनाया। चोरों ने दुकानों के शटर के ताले तोड़कर आभूषण और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। एक दुकान से चोर आभूषणों से भरी पूरी अलमारी ही उठाकर ले गए। वहीं तीसरी दुकान में चोरी के दौरान आहट होने पर आसपास के लोगों के शोर मचाने से चोर भाग निकले।
सोनरिया गांव निवासी सुखदेव वर्मा की अंकुर ज्वेलर्स और राहुल वर्मा की ज्वेलरी दुकान में चोरी हुई। राहुल वर्मा के मुताबिक दुकान में रखी अलमारी में करीब डेढ़ किलो चांदी, 20 ग्राम सोने के आभूषण और 35 हजार रुपये नकद थे। चोर अलमारी को ही उठाकर ले गए, जिसका अभी तक पता नहीं चल सका है।
इसके अलावा बाबूपट्टी गांव निवासी दुकानदार की पियूष ज्वेलर्स के नाम से संचालित दुकान को भी चोरों ने निशाना बनाया। चोर दुकान का ताला तोड़ने का प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान आसपास के लोगों को आवाज सुनाई दी। लोगों ने शोर मचाया तो चोर मौके से भाग निकले।
एक ही बाजार में एक रात में तीन दुकानों में चोरी की घटना से व्यापारियों में चिंता है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।
आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। थाना प्रभारी भूपेंद्र सिंह ने शनिवार को बताया कि मामले की जांच की जा रही है और चोरों का पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## आकाशीय बिजली गिरने से पेड़ गिरा, नीचे दबकर बुजुर्ग की मौत

**अमेठी।**
जिले के जामो थाना क्षेत्र स्थित वैदपुरा सूखी गांव में आकाशीय बिजली गिरने से पेड़ के नीचे दबकर बुजुर्ग की मौत हो गई। परिजनों ने पेड़ के नीचे दबा शव बरामद किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचायतनामा की कार्रवाई शुरू कर दी है।
वैदपुरा सूखी निवासी हजारीलाल (60) बकरी चराने के लिए शनिवार की शाम लगभग 3 बजे बाग की ओर गए थे। परिजनों के मुताबिक उसी समय क्षेत्र में आकाशीय बिजली गिरने की घटना हुई।

# ओडीओसी पवेलियन में यूपी के स्वाद का संगम, मास्टर शेफ क्लास में बन रहा मिजार्पुर के गुड़ का ठेकुआ



**नोएडा।**
उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो-2026 में शनिवार को प्रदेश की समृद्ध खान-पान परंपरा और स्थानीय व्यंजनों का अनूठा संगम देखने को मिला। इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में बनाए गए ओडीओसी (वन डिस्ट्रिक्ट वन क्यूजीन) पवेलियन में उत्तर प्रदेश के अलग-अलग जिलों के पारंपरिक व्यंजनों और स्थानीय खाद्य उत्पादों को खास अंदाज में प्रस्तुत किया जा रहा है। पवेलियन में बड़ी संख्या में पहुंच रहे लोग न सिर्फ यूपी के अलग-अलग क्षेत्रों के स्वाद का आनंद ले रहे हैं, बल्कि इनके पीछे छिपी परंपरा और स्थानीय उत्पादों की जानकारी भी हासिल कर रहे हैं।
इसी क्रम में ओडीओसी पवेलियन में आयोजित मास्टर शेफ क्लास इस समय आगंतुकों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। क्लास में पूर्वांचल के पारंपरिक व्यंजन ठेकुआ को तैयार करने की विधि प्रत्यक्ष रूप से समझाई जा रही है।
खास बात यह है कि ठेकुआ बनाने में मिजार्पुर के गुड़ का इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके जरिए आगंतुकों को मिजार्पुर के गुड़ की विशेषताओं और उससे तैयार होने वाले विभिन्न उत्पादों से भी परिचित कराया जा रहा है।
ओडीओसी की मास्टर शेफ क्लास में प्रसिद्ध शेफ हरपाल सिंह सोखी भी रविवार को मौजूद रहेंगे। उनकी मौजूदगी में आगंतुकों को उत्तर प्रदेश के पारंपरिक व्यंजनों और स्थानीय खाद्य उत्पादों को आधुनिक पाक कला के साथ जोड़ने की बारीकियां समझने का अवसर मिलेगा। आगंतुक उनसे संवाद कर सकेंगे और यूपी की विविध खान-पान परंपरा से जुड़े सवाल भी पूछ सकेंगे।
ओडीओसी पवेलियन में बनी 'खाऊ गली' भी ट्रेड शो में आने वाले लोगों के बीच खास आकर्षण बनी हुई है। यहां प्रदेश के अलग-अलग अंचलों के पारंपरिक व्यंजनों और खाद्य उत्पादों का स्वाद लेने के लिए लगातार भीड़ उमड़ रही है।

# शाकाहार और नशामुक्ति से बेहतर समाज का संदेश



**मीरजापुर।**
उत्तर प्रदेश के मीरजापुर में राजगढ़ ब्लॉक के पचोखरा स्थित शांति निकेतन इंटर कॉलेज के सरदार वल्लभभाई पटेल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में रविवार को जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था, मथुरा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संत पंकज जी महाराज की 108 दिवसीय जनजागरण यात्रा पहुंची। 37वें पड़ाव पर बड़ी संख्या में लोगों ने पुष्पवर्षा और जयगुरुदेव के उद्घोष के साथ यात्रा का स्वागत किया।
सत्संग में पंकज महाराज ने शाकाहार, सदाचार और नशामुक्त जीवन का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि गृहस्थ जीवन में मेहनत और ईमानदारी से जीविकोपार्जन करते हुए शराब समेत अन्य नशों से दूर रहना चाहिए। उन्होंने चरित्र को मानव जीवन की महत्वपूर्ण पूंजी बताते हुए अच्छे समाज के लिए सदाचार और आपसी सद्भाव पर जोर दिया।
उन्होंने संस्था की ओर से गांवों को शाकाहारी, सदाचारी और नशामुक्त बनाने के अभियान की जानकारी दी। सत्संग में साधना, सुमिरन और ध्यान की विधि समझाते हुए नियमित अभ्यास का आग्रह किया।
पौधरोपण बना खास आकर्षण
कार्यक्रम में शांति निकेतन इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अनिल कुमार सिंह ने संत पंकज महाराज को फाइकस पांडा और इंसुलिन के पौधे भेंट किए। इसके बाद परिसर में इंसुलिन के पौधे का रोपण किया गया। आयोजक के अनुसार एक जुलाई 2015 से लगातार पौधरोपण किया जा रहा है और इस क्रम में यह 4105वां दिन रहा। पौधरोपण में संस्था के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेश पाल, राघवेंद्र चौहान, अनिल जैसल और प्रदीप सोनकर ने सहयोग किया।

## लगातार बारिश से गंगा में बढ़ा दबाव, चेतावनी स्तर से 23 सेंटीमीटर नीचे पहुंचा जलस्तर

**कानपुर।**
प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में पिछले कई दिनों से हो रही बारिश का असर अब गंगा के जलस्तर पर भी दिखाई देने लगा है। ऊपरी क्षेत्रों में वर्षा और बैराजों से बढ़े पानी के डिस्चार्ज के कारण कानपुर में गंगा का जलस्तर ऊंचा बना हुआ है। हालांकि रविवार को कानपुर बैराज के अपस्ट्रीम में जलस्तर शनिवार के मुकाबले तीन सेंटीमीटर घटकर 113.77 मीटर दर्ज किया गया, लेकिन यह अब भी चेतावनी स्तर 114 मीटर से महज 23 सेंटीमीटर नीचे है। वहीं डाउनस्ट्रीम में जलस्तर 71 सेंटीमीटर बढ़कर 113.05 मीटर पहुंच गया।
शुक्लागंज में भी गंगा का जलस्तर बढ़ा है। शनिवार को यहां जलस्तर 110.97 मीटर था, जो रविवार को बढ़कर 111.71 मीटर दर्ज किया गया। यह चेतावनी स्तर से 1.29 मीटर नीचे है, लेकिन लगातार बारिश और ऊपरी क्षेत्रों से पानी आने के कारण प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है।
कानपुर बैराज पर रविवार को 2,16,768 क्यूसेक पानी का डिस्चार्ज दर्ज किया गया, जो शनिवार के 91,945 क्यूसेक की तुलना में काफी अधिक है। हरिद्वार बैराज से 72,028 क्यूसेक और नरौरा बैराज से 31,900 क्यूसेक पानी का डिस्चार्ज दर्ज किया गया।

# नारायणी में उफान से कुशीनगर में बाढ़ का खतरा, दियारा के कई गांवों में बढ़ी चिंता



**कुशीनगर।**
नेपाल में लगातार हो रही बारिश के बीच बड़ी गंडक नदी (नारायणी) का जलस्तर बढ़ने से कुशीनगर जिले के खड्डा और पनियहवा क्षेत्र में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। नदी के बढ़ते जलस्तर से दियारा क्षेत्र के कई गांवों में लोगों की चिंता बढ़ गई है।
मदनपुर सुकरौली, भैंसहा, लक्ष्मीपुर, पड़रहवा और भगवानपुर समेत कई गांवों में बाढ़ की आशंका को देखते हुए ग्रामीण सतर्क हो गए हैं। वहीं, शिवपुर, हरिहरपुर, नरायनपुर, मरिचहवा और बसंतपुर की ओर भी नदी के पानी का असर दिखाई देने लगा है। निचले इलाकों में पानी बढ़ने से लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

**4.04 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया**
नारायणी नदी में लगातार बढ़ते जलप्रवाह के बीच रविवार सुबह आठ बजे तक 4 लाख 4 हजार क्यूसेक पानी छोड़े जाने की जानकारी सामने आई है। वहीं, नदी की सहायक नदी देवघाट से 5 लाख 92 हजार क्यूसेक से अधिक पानी छोड़े जाने की सूचना है। पानी के इस बड़े प्रवाह से नदी के तटवर्ती इलाकों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। नेपाल में हो रही बारिश का असर नदी के जलस्तर पर दिखाई देने लगा है। इससे खड्डा और पनियहवा क्षेत्र के तटवर्ती गांवों में रहने वाले लोगों की चिंता बढ़ गई है।

**सुरक्षित और ऊंचे स्थानों की ओर जाने लगे ग्रामीण**
नदी का जलस्तर बढ़ने और निचले इलाकों में पानी पहुंचने से ग्रामीण सुरक्षित और ऊंचे स्थानों की ओर रुख करने लगे हैं। दियारा क्षेत्र के गांवों में लोग अपने परिवार और जरूरी सामान को सुरक्षित रखने की तैयारी में जुटे हैं। मदनपुर सुकरौली, भैंसहा, लक्ष्मीपुर, पड़रहवा और भगवानपुर समेत कई गांवों में बाढ़ की आशंका के चलते सतर्कता बढ़ गई है। नदी के पानी का असर शिवपुर, हरिहरपुर, नरायनपुर, मरिचहवा और बसंतपुर की ओर भी दिखाई देने लगा है। ग्रामीणों को आशंका है कि जलस्तर में और बढ़ोतरी होने पर उनकी मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

**प्रशासन ने शुरू कराई तंबू और भोजन की व्यवस्था**
संभावित बाढ़ को देखते हुए प्रशासन ने प्रभावित हो सकने वाले इलाकों में राहत की तैयारियां शुरू कर दी हैं।
सड़कों के किनारे तंबू लगवाने और भोजन की व्यवस्था कराई जा रही है, ताकि जरूरत पड़ने पर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ठहराया जा सके। प्रशासन की ओर से बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए जरूरी इंतजाम किए जा रहे हैं। ग्रामीणों की सुरक्षा और राहत व्यवस्था को लेकर भी सतर्कता बरती जा रही है।

## उम्र को मात देकर बने सरकारी शिक्षक, 59 वर्ष की उम्र में बागपत के विजय कुमार को मिली सफलता

**बड़ौत (बागपत)।**
उम्र भले ही जीवन के दिन और वर्षों को गिनती हो, लेकिन सपनों को पूरा करने की कोई उम्र नहीं होती। इसे साबित किया है गांव बड़ावद के विजय कुमार शर्मा ने, जिन्होंने लगभग 59 वर्ष आठ माह की उम्र में अपने लंबे संघर्ष और निरंतर प्रयासों के बाद टीजीटी संस्कृत शिक्षक के रूप में चयनित होकर सफलता की नई कहानी लिखी है।
शहर के दून पब्लिक स्कूल में शिक्षण कार्य कर रहे विजय कुमार काफी समय से सरकारी नौकरी के लिए प्रयासरत थे। कई बार प्रतियोगी परीक्षाएं दीं, लेकिन सफलता नहीं मिल पाई। 22 सितंबर को वह गौरवपूर्ण क्षण आया, जब लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों उन्हें नियुक्ति-पत्र प्राप्त हुआ, उन्हें शामली जनपद के गांव एलम के इंटर कॉलेज में नियुक्ति मिली है।

## विश्व नदी और पर्यटन दिवस पर दिया संदेश,'नदियां स्वच्छ होंगी तो बढ़ेगा पर्यटन'

***पर्यटन केंद्र नमो घाट पर राष्ट्र को एक सूत्र में बांधने वाली गंगा की स्वच्छता का दिलाया संकल्प***

**वाराणसी।**
विश्व नदी दिवस और विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर रविवार को नमामि गंगे ने वाराणसी के पर्यटन स्थल नमो घाट पर सांस्कृतिक पर्यटन की जननी व वैश्विक जनमानस को एक सूत्र में बांधने वाली मां गंगा के निर्मलीकरण का संकल्प दिलाया। नमामि गंगे के स्वयंसेवकों ने इस दौरान संदेश दिया कि "नदियां स्वच्छ होंगी तो पर्यटन बढ़ेगा"।
नमो घाट के गंगा तट की सफाई कर आह्वान किया गया कि स्वच्छ नदियां पर्यटकों को आकर्षित करती हैं, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था और पर्यटन उद्योग में तेजी आती है और साथ ही पर्यावरण संतुलन बना रहता है। नदियों के साफ रहने से पर्यटकों को आकर्षित करने में मदद मिलती है, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलता है।
गंगा सेवक राजेश शुक्ला ने नमामि गंगे की स्वयंसेवी टीम के साथ लोगों को जागरुक करते हुए कहा कि नदियों के बिना किसी भी सभ्यता का विस्तार नहीं हो सकता है और गंगा नदी भारत की सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है जो राष्ट्र को एक सूत्र में बांधने का काम करती है। मां गंगा के बिना भारतीय सभ्यता और पर्यटन अधूरा है। गंगा जी में पर्यटन या तीर्थाटन के दौरान एक जिम्मेदार पर्यटक होने का परिचय दें। आइए, हम गंगा शपथ उठाएं कि गंगा में यात्रा के दौरान कसी प्रकार का कूड़ा-कचरा नहीं डालेंगे। आयोजन में अविनाश तिवारी, रुचि पाठक, गोल्डी पाठक, अविनाश पाठक, विशाल भारद्वाज सहित पर्यटकों ने भी भागीदारी की।

## होटल की खिड़की से गिरकर व्यापारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**नोएडा।**
थाना बीटा- दो क्षेत्र में स्थित एक होटल में ठहरे लखनऊ के एक व्यापारी की होटल के कमरे से संदिग्ध परिस्थितियों में गिरकर मौत हो गई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना बीटा- दो के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने शनिवार को बताया कि थाना क्षेत्र में स्थित होटल द ग्रैंड ओसिस में हरगोविंद सिंह (63) पुत्र कुंदन सिंह निवासी कल्याणपुर थाना डुग्गुमबा नॉर्थ लखनऊ अपने एक दोस्त के साथ प्रथम मंजिल पर रुके थे। शनिवार की शाम को उनकी होटल के कमरे की खिड़की से गिरकर मृत्यु हो गई।

# CM योगी ने लखनऊ में की प्रेस वार्ता, बोले- विपक्ष का मुख्य निर्वाचन आयुक्त पर सवाल उठाना दुर्भाग्यपूर्ण

**लखनऊ**
उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्वाचन प्रक्रिया के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) को लेकर विपक्षी दलों द्वारा खड़े किए जा रहे विवादों पर तीखा पलटवार किया है। रविवार को राजधानी लखनऊ में आयोजित एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस, समाजवादी पार्टी (सपा), और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) जैसी पार्टियां अपनी राजनीतिक जमीन खिसकते देख देश की निष्पक्ष संवैधानिक संस्थाओं और मुख्य निर्वाचन आयुक्त (CEC) को बदनाम करने पर उतर आई हैं।मुख्यमंत्री ने विपक्ष के दोहरे चरित्र को उजागर करते हुए स्पष्ट कहा, "जब यह दल चुनाव जीतते हैं, तो उसे अपना पुरुषार्थ बताते हैं, लेकिन जब देश और प्रदेश की जनता इनके भ्रष्टाचार, कुनीतियों, वित्तीय कदाचार और अराजकता के कारण इन्हें नकार देती है, तो ये ठीकरा चुनाव आयोग और ईवीएम (EVM) पर फोड़ने लगते हैं। इन्हें खुद पर आत्ममंथन करना चाहिए।"




SIR प्रक्रिया पर विपक्ष का रुख और ऐतिहासिक तथ्यसीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) को लेकर विपक्ष जानबूझकर देश और जनता में भ्रम फैला रहा है। उन्होंने ऐतिहासिक संदर्भों का हवाला देते हुए याद दिलाया कि देश में यह पहली बार नहीं हो रहा है।
मुख्यमंत्री ने कहा, "देश में समय-समय पर SIR की प्रक्रिया होती रही है। पूर्व में कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकारों के दौरान भी 1952, 1957, 1961, 1965-66 और यहां तक कि 2003 में भी इस प्रक्रिया को अपनाया गया था।" उन्होंने सवाल उठाया कि जब इतिहास में बार-बार इस प्रक्रिया का उपयोग मतदाता सूची को पारदर्शी बनाने के लिए किया गया, तो आज इस पर इतना बड़ा बखेड़ा खड़ा करना पूरी तरह से राजनीतिक रूप से प्रेरित और दुर्भाग्यपूर्ण है।

**चुनाव आयुक्तों की सफाई के बाद भी विवाद खड़ा करना गलत**
मुख्यमंत्री ने प्रेस वार्ता में हाल ही में निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए बयानों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि तीनों चुनाव आयुक्तों ने स्वयं मीडिया के सामने आकर पूरी स्थिति, छूटे हुए मतदाताओं और फॉर्म 6 से जुड़े हर एक बिंदु को बेहद पारदर्शिता के साथ स्पष्ट कर दिया है।सीएम योगी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा, "जब आयोग ने सभी सवालों के जवाब दे दिए हैं और कोई शंका शेष नहीं बची है, तो भी कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और अन्य विपक्षी दल विवाद खड़ा करने की कोशिश कर रहे हैं जो कि बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।"
संवैधानिक संस्थाओं को कठघरे में खड़ा करना विपक्ष का इतिहासविपक्ष पर हमला जारी रखते हुए सीएम योगी ने कहा कि संवैधानिक प्रक्रियाओं और लोकतांत्रिक ढांचों पर सवाल उठाना विपक्षी दलों का पुराना रवैया रहा है। उन्होंने कहा कि ये दल लगातार भारत की हर संवैधानिक संस्था पर संदेह पैदा करने की कोशिश करते हैं और चुनाव आयोग पर लगातार हमले कर रहे हैं।

**इसके साथ ही उन्होंने निम्नलिखित मुख्य बिंदुओं के जरिए विपक्ष को घेराः**
ईवीएम (EVM) का दोहरा मापदंडः मुख्यमंत्री ने कहा कि जब ईवीएम के माध्यम से विपक्षी दलों की सरकारें बनती हैं, तब यह तकनीक सही होती है, लेकिन अपनी हार देखकर इसी व्यवस्था को कठघरे में खड़ा करना इनकी हताशा को दशार्ता है।संवैधानिक संस्थाओं की साख पर हमलाः विपक्ष लगातार संस्थाओं पर हमला कर देश के लोकतांत्रिक ढांचे को कमजोर करने का प्रयास कर रहा है।

## ट्रेड शो में यूपी की महिला उद्यमियों ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर सजाए अपने उत्पाद




**नोएडा।**
कभी शौक के तौर पर शुरू हुआ काम आज कारोबार बन चुका है। किसी ने चित्रकारी को कपड़ों पर उतारकर अपना उद्यम खड़ा किया तो किसी ने स्वयं सहायता समूह से जुड़कर अपने साथ दूसरी महिलाओं को भी आत्मनिर्भरता की राह दिखाई। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में प्रदेश के अलग-अलग जिलों से पहुंची महिला उद्यमियों की कहानियां महिला सशक्तीकरण की नई तस्वीर पेश कर रही हैं। उनके उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजार मिल रहा है और महिलाएं अब उत्पाद बनाने के साथ उनकी ब्रांडिंग, बिक्री और बाजार विस्तार की जिम्मेदारी भी संभाल रहीं हैं।
मेरठ के कंकरखेड़ा से आईं हरप्रीत कौर अपनी फर्म सॉल फॉर अर्थ के माध्यम से पीतल से बनी विभिन्न कलाकृतियां और ट्रॉफी लेकर ट्रेड शो में पहुंची हैं। उनका कहना है कि योगी सरकार ने महिलाओं को अपनी प्रतिभा और उत्पादों को बड़े मंच पर प्रदर्शित करने का अवसर दिया है। उन्होंने कहा कि उनके उत्पाद अब दूसरे देशों के बाजार तक पहुंच बना रहे हैं। उनके अनुसार यह विस्तार प्रदेश सरकार की नीतियों से मिले अवसरों के कारण संभव हुआ है।
गाजियाबाद के बजरिया से आईं अंजली अंजली क्रिएशन के माध्यम से कपड़ों पर की गई चित्रकारी के उत्पाद लेकर पहुंची हैं।

## यूजीसी और एससी एसटी एक्ट के विरोध में भूख हड़ताल पर बैठे प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने हटाया

**वाराणसी।**
उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में वरुणा नदी स्थित शास्त्री घाट पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग(यूजीसी) और अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति (एससी/एसटी)एक्ट के विरोध में बीते कुछ दिनों से भूख हड़ताल पर बैठे प्रदर्शनकारियों गौतम मिश्रा, बृजेश मिश्रा और सनातनी चंदन को रविवार की भोर में पुलिसकर्मियों ने हटा दिया। इसके बाद, सुबह का उजाला होने तक बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारियों के पक्ष में उनके समर्थक जुट आए। उन्होंने प्रदर्शन स्थल पर तैनात पुलिसकर्मी और पुलिस प्रशासन के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की।
प्रदर्शनकारी चंदन ने कहा कि आज भोर चार बजे चोरों की भांति घसीटकर उन्हें हिरासत में ले लिया गया। भूख हड़ताल पर बैठे साथियों को भी हटाया गया और लाइट बुझा कर महिलाओं के साथ बर्बरता की गई। टेंट-पंडाल उखाड़ दिया गया। बाद में उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया।
वाराणसी कमिश्नरेट पुलिस के वरुणा जोन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार शास्त्री घाट पर भूख हड़ताल पर बैठे गौतम मिश्रा, बृजेश मिश्रा और सनातनी चंदन को गिरफ्तार नहीं किया गया है।
मुख्य चिकित्साधिकारी वाराणसी की रिपोर्ट के आधार पर आमरण अनशन पर बैठे तीन व्यक्तियों के खराब स्वास्थ्य के दृष्टिगत उन्हें चिकित्सा के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार सुचारू रूप से चल रहा है।

## इलेक्ट्रॉनिक्स से एआई और सेमीकंडक्टर तक, यूपी बनेगा देश का नंबर-1 टेक्नोलॉजी हब : जितिन प्रसाद


**नोएडा।**
उत्तर प्रदेश अब केवल इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण का केंद्र बनने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि एआई, सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स, टेक्नोलॉजी और इनोवेशन के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उत्तर प्रदेश देश का अगला ग्रोथ इंजन बनने की ओर अग्रसर है। यह बातें केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने शनिवार को 'यूपीज जर्नी फ्रॉम इलेक्ट्रॉनिक्स लीडर टू एआई एंड सेमीकंडक्टर पावरहाउस' सत्र को संबोधित करते हुए कहीं।
उन्होंने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब देश और दुनिया में निवेश की चर्चा के दौरान उत्तर प्रदेश का नाम प्रमुखता से लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य उत्तर प्रदेश को टेक्नोलॉजी, इनोवेशन, रिसर्च और मैन्युफैक्चरिंग का प्रमुख हब बनाना है और इसके लिए राज्य में तेजी से जरूरी इकोसिस्टम तैयार हो रहा है।
जितिन प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रीय विजन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में परिवर्तन स्पष्ट दिखाई दे रहा है। केंद्र और राज्य के बीच बेहतर समन्वय वाली डबल इंजन सरकार इस बदलाव को गति दे रही है। उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी और ट्रेड देश की विकास यात्रा के दो महत्वपूर्ण इंजन हैं और उत्तर प्रदेश इनके माध्यम से नई ऊंचाइयों को हासिल कर सकता है।



केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अब प्रयास केवल नोएडा तक निवेश सीमित रखने का नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश के अन्य हिस्सों में भी इलेक्ट्रॉनिक्स और टेक्नोलॉजी के अवसर पैदा करने का है। इसका सीधा लाभ राज्य के युवाओं को मिलेगा। उन्होंने कहा कि सैमसंग और योटा जैसे बड़े निवेश, डाटा सेंटर्स, एआई लैब्स तथा अन्य टेक्नोलॉजी इंफ्रास्ट्रक्चर उत्तर प्रदेश में बन रहे नए इकोसिस्टम की तस्वीर प्रस्तुत करते हैं। सरकार का प्रयास है कि राज्य में डिजाइन से लेकर सेमीकंडक्टर कॉम्पोनेंट्स, इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग और एक्सपोर्ट तक पूरी वैल्यू चेन विकसित हो।
जितिन प्रसाद ने कहा कि भारत अब केवल उत्पादों की असेंबली करने वाला देश नहीं रहेगा। इलेक्ट्रॉनिक कॉम्पोनेंट्स मैन्युफैक्चरिंग स्कीम जैसी पहल के जरिए देश कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग की दिशा में बढ़ रहा है। उत्तर प्रदेश इस परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि भारत की डिजाइन क्षमता और प्रतिभा को दुनिया पहले से पहचानती है।
अब इसी ताकत के साथ मैन्युफैक्चरिंग क्षमता जोड़ने की जरूरत है। उत्तर प्रदेश में सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों का निर्माण तथा उन्हें घरेलू और वैश्विक बाजारों तक पहुंचाना इस विजन का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

# अनुनय झा बने मुरादाबाद के नए डीएम

**मुरादाबाद।**
शासन स्तर से सोमवार रात हुए आईएएस अफसरों के फेरबदल में मुरादाबाद का नाम चौकाने वाला रहा। चार माह में ही राजेन्द्र पैंसिया को जिले से हटा दिया गया। उनके स्थान पर अब तक हरदोई जिले की कमान संभाल रहे 2015 बैच के आइएएस अफसर अनुनय झा को मुरादाबाद जिले की कमान सौंपी गई है। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल को बागपत का डीएम बनाया गया है। हिमांशु कौशिक को मुरादाबाद का



नया नगर आयुक्त बनाया गया है। 25 जून 2024 से जून 2026 तक संभल जनपद की जिम्मेदारी संभालने वाले 2015 बैच के ही आईएएस अफसर राजेन्द्र पैंसिया ने पांच मई मुरादाबाद की जिम्मेदारी संभाली थी। मंडल मुख्यालय में उनकी तैनाती विधानसभा चुनाव से जोड़कर देखी जा रही थी क्योंकि पूर्व में भी जनपद में जिम्मेदारी संभालने वाले अफसरों ने करीब-करीब दो-दो वर्षों का कार्यकाल पूरा किया।

**जनता के बीच सीधे संवाद की शैली रही**
कार्यभार गृहण करने के बाद जनता के बीच पहुंचकर सीधे संवाद की शैली ने उन्हें अलग पहचान दी। जनसुनवाई उनकी प्राथमिकता में दिखी। सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे के विरुद्ध कार्रवाई हुई। मगर, इस बीच प्रशासनिक लाबी में नए समीकरण बने। अफसरों के बीच अंदरखाने खींचतान शुरू हुई। बेहद ही कम समय में उनका स्थानांतरण उसका परिणाम माना जा रहा है, जिसके बाद से असल वजहें तलाशी जा रहीं हैं। आईएएस के साथ आईपीएस अफसर भी विशेष रूप से उनके स्थानांतरण का कारण जानने में जुटे रहे।

# बाढ़ के बाद मणिकर्णिका घाट पर सफाई अभियान, गंगा की तलहटी से निकले 100 किलो कपड़े

**वाराणसी।**
गंगा का जलस्तर घटने के बाद मंगलवार को मणिकर्णिका घाट पर एक व्यापक सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान नदी की तलहटी और किनारों से लगभग 100 किलो पुराने कपड़े और अन्य कचरा निकाला गया। यह अभियान नमामि गंगे काशी क्षेत्र के संयोजक और नगर निगम के स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर राजेश शुक्ला के नेतृत्व में नगर निगम की टीम द्वारा संचालित किया गया।
बाढ़ के पानी के उतरने के बाद घाटों पर सिल्ट, पॉलिथीन और पूजन सामग्री जमा हो जाती है, जिससे जलीय जीवन को नुकसान




पहुंचता है। निकाले गए कपड़े और पॉलिथीन को नगर निगम को सौंपा गया। इस अवसर पर राजेश शुक्ला ने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे स्नान या अनुष्ठान के बाद कपड़े गंगा में न छोड़ें।

# त्योहार पर रेल यात्रियों को सौगातः खजुराहो-रुंधी फेस्टिवल और भुज-बरौनी अमृत भारत एक्सप्रेस का संचालन

**मथुरा।**
खजुराहो-रुंधी के बीच संचालित होने वाली फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन की तैयारियों व व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक बिजेंद्र कुमार ने रुंधी स्टेशन का निरीक्षण किया। भुज- बरौनी के बीच चलेगी अमृत भारत एक्सप्रेस का भी संचालन किया जाएगा। यात्रियों को ट्रेन संचालन से लाभ मिलेगा।
स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं का जानकारी ली। संबंधित अधिकारियों को यात्रियों की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। ट्रेन का प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए।




**प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक बिजेंद्र कुमार ने रुंधी स्टेशन का किया निरीक्षण**
खजुराहोझ्ररुंधीझ्रखजुराहो फेस्टिवल स्पेशल का संचालन किया जा रहा है। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में 15-15 ट्रिप संचालित होगी। खजुराहोझ्ररुंधी फेस्टिवल स्पेशल खजुराहो से 15 अक्टूबर से 17 नवंबर तक प्रत्येक मंगलवार, गुरुवार, रविवार को चलेगी। यह खजुराहो से शाम पांच बजे प्रस्थान कर अगले दिन सुबह छह बजे रुंधी पहुंचेगी।

**16 अक्टूबर से 18 नवंबर तक ये रहेगी टाइमिंग**
रुंधी-खजुराहो फेस्टिवल स्पेशल रुंधी से 16 अक्टूबर से 18 नवंबर तक प्रत्येक सोमवार, बुधवार, शुक्रवार को चलेगी। यह रुंधी से शाम 6.45 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 6.05 बजे खजुराहो पहुंचेगी। महाराजा छत्रसाल छतरपुर, खरगापुर, टीकमगढ़, दैलवारा/कार्ड, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, दतिया, डबरा, ग्वालियर, मुरैना, धौलपुर, आगरा कैंट, मथुरा जंक्शन, कोसीकलां स्टेशन पर ठहराव रहेगा।

# कैसे हुई संत प्रेमानंद के शिष्य रसिक दुलारी की मौत? 11 मिनट के CCTV में कैद!

**मथुरा।**
राधा नाम का प्रचार करने वाले संत प्रेमानंद के शिष्य रसिक दुलारी शरण उर्फ दीपक की आत्महत्या की घटना ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। जांच में सामने आया है कि टाइल्स काटने वाले ग्लाइंडर से दीपक ने खुद का गुप्तांग काटा और फिर खून सने कपड़े पहन आराम से कमरे के बाहर घूमा और चौथी मंजिल की छत पर चढ़ गया। वहां से कूदकर जान दे दी।
कमरे से निकलने से लेकर कूदने तक यह 11 मिनट सीसीटीवी में कैद हैं। आत्महत्या ही करनी थी, तो गुप्तांग क्यों काटा गया ? इन सवालों की गुत्थी भी अभी पुलिस सुलझा नहीं पाई है।

**सीसीटीवी में कैद हुआ पूरा घटनाक्रम, गुप्तांग काटने से खड़े हुए कई सवाल**



मध्य प्रदेश जबलपुर के नर्मदा बस्ती फरहदुली निवासी दीपक लोढ़ा दो वर्ष पहले वृंदावन आए और यहां संत प्रेमानंद महाराज से दीक्षा ली। इसके बाद उन्होंने अपना नाम बदलकर रसिक दुलारी शरण रख लिया था। इसके बाद वह वृंदावन में ही रहकर साधु जीवन व्यतीत कर रहे थे। वह संत प्रेमानंद के श्रीराधा केलिकुंज आश्रम से चंद कदम की दूरी पर राधावाटिका वाली गली में गुरुकृपा कुंज नामक बने चार मंजिला अपार्टमेंट में प्रेमानंद के शिष्य युगल नेही शरण के साथ रह रहे थे।

**मोबाइल पर भजन सुनते समय दिया वारदात को अंजाम**
शुक्रवार सुबह साढ़े 10 बजे उन्होंने अपार्टमेंट की चौथी मंजिल की छत से कूदकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या से पूर्व उन्होंने कमरे में ग्राइंडर से अपना गुप्तांग काटा। घटना के बाद पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे खंगाले। इसमें सुबह 10.25 बजे रसिक दुलारी शरण कमरे से बाहर निकलते दिखाई दिए। गुप्तांग काटने से कपड़े खून से सने थे। कुछ देर कमरे के बाहर घूमे और फिर चौथी मंजिल की छत पर गए और वहां पर बैठ गए।
इसके बाद 10 सेकंड के लिए जमीन पर लेट गए। फिर एकदम से उठे और 10.36 बजे छलांग लगा दी। यह छत पर लगे सीसीटीवी में दिखाई दिया। इसी दौरान नीचे गली में एक महिला निकल रही थी। वह बाल-बाल बच गई।

**एक वर्ष से स्वजन से भी नहीं करता था बात**
घटना के बाद वहां रहने वाले अन्य साधक ने बाहर से कमरा बंद कर दिया।

## पूर्व मंत्री रामगोविंद चौधरी के अंतिम दर्शन के लिए बलिया के गोसाईंपुर में उमड़ा जनसैलाब, पहुंचे कई दिग्गज नेता

**बलिया।**
पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ समाजवादी नेता स्वर्गीय रामगोविंद चौधरी के निधन से उनके पैतृक गांव गोसाईंपुर में शोक की लहर है। रविवार सुबह से ही उनके दरवाजे पर श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लगा रहा।
विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं, जनप्रतिनिधियों, क्षेत्रीय नागरिकों और क्षत्रिय समाज के लोगों ने पहुंचकर उनके पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उनके परिजनों को ढांढस बंधाने के लिए भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे।
श्रद्धांजलि देने वालों में सलेमपुर सांसद रमाशंकर राजभर विद्यार्थी, जमानियां विधायक ओमप्रकाश



सिंह, फेफना विधायक संग्राम यादव, समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद गिरि, समाजवादी महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष सीमा राजभर, सकलडीहा विधायक प्रभुनारायण सिंह यादव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भुवनेश्वर चौधरी, भाजपा नेता संजीव वर्मा, तेज सिंह, ममता सिंह, एमएलसी रविशंकर सिंह पप्पू, विकेश सिंह, सोनू सिंह, सदर के सपा नेता रामजी यादव, नवानगर के पूर्व प्रमुख विवेक सिंह, नगर पंचायत सिकंदरपुर के प्रतिनिधि संजय जायसवाल सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।

## न्यूज फ्लैश

### इश्तिहारी समेत चार वारंटी और एक शराबी गिरफ्तार

**बड़हरा (भोजपुर)।** कृष्णगढ़ थाना पुलिस ने वरीय अधिकारियों के निर्देश पर विशेष अभियान चलाकर अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने एक इश्तेहार वारंटी, तीन एनबीडब्ल्यू वारंटी और शराब पीने के आरोप में एक युवक समेत कुल पांच लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि विशेष अभियान के तहत पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार लोगों में शराब पीने के आरोप में शिवजी शाह (22), पिता बिनोद शाह, सरैया शामिल है। वहीं एनबीडब्ल्यू वारंटी के मामले में प्रमोद नोनिया, अजय नोनिया दोनों पिता चंद्रमा नोनिया तथा अभय नोनिया, पिता अजय नोनिया, सभी निवासी सरैया को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा इश्तेहार वारंटी मनोज साह, पिता उमेश साह, निवासी बलुआ, थाना कृष्णगढ़ को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया।

थानाध्यक्ष ने बताया कि सभी आरोपितों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से सभी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। कार्रवाई में थानाध्यक्ष रौशन कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल के जवान शामिल रहे। पुलिस की लगातार कार्रवाई से फरार वारंटियों और अन्य आरोपितों में हड़कंप मचा हुआ है।

### सरैया-सिन्हा मुख्य मार्ग पर पेड़ गिरने से आवागमन बाधित, बारिश-तेज हवा ने बढ़ाई लोगों की परेशानी



**बड़हरा (भोजपुर)।** लगातार हो रही बारिश और तेज हवा के कारण बड़हरा प्रखंड क्षेत्र में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। शनिवार को सरैया-सिन्हा मुख्य मार्ग पर बिंद टोली के समीप विशाल पेड़ गिर जाने से सड़क पर आवागमन बाधित हो गया। पेड़ गिरने के कारण ड्यूटी और अन्य जरूरी कामों से आने-जाने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। बारिश और तेज हवा का असर क्षेत्र के किसानों पर भी पड़ा है। कई जगहों पर खेतों में लगी फसलों को नुकसान पहुंचने की बात सामने आई है। वहीं तेज हवा के कारण कई इलाकों में बिजली आपूर्ति भी बाधित हो गई, जिससे ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। लगातार बारिश के कारण कुछ गांवों में घरों की दीवारें गिरने की भी सूचना है। बाढ़ की तबाही से अभी लोग पूरी तरह उबर भी नहीं पाए हैं कि लगातार बारिश ने उनकी मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। जलजमाव, आवागमन बाधित होने, बिजली गुल रहने और कच्चे मकानों को नुकसान पहुंचने से ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि बाढ़ के बाद लगातार बारिश और तेज हवा ने दोहरी मार दी है। क्षेत्र के कई स्थानों पर पेड़ गिरने, सड़क बाधित होने और फसलों को नुकसान पहुंचने की घटनाएं सामने आ रही हैं। इससे आम लोगों के साथ किसानों को भी आर्थिक नुकसान की चिंता सताने लगी है।

### बबूरा में अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी, 19.8 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद



**बड़हरा।** बबूरा थाना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत छापेमारी कर एक मोटरसाइकिल और 110 पीस अंग्रेजी शराब बरामद की है। पुलिस को यह सफलता बृंदावन बगीचा के सामने फोरलेन से मिली।

पुलिस के अनुसार छापेमारी के दौरान हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल (रजिस्ट्रेशन नंबर इफ 03अए 6133) के साथ एक काले रंग का बैग बरामद किया गया। बैग की तलाशी लेने पर उसमें 8ढट ब्रांड की 110 पीस अंग्रेजी शराब, जिसकी कुल मात्रा 19.8 लीटर है, बरामद हुई। पुलिस की कार्रवाई के दौरान मोटरसाइकिल चालक मौके से भागने में सफल रहा। बरामद मोटरसाइकिल एवं शराब को पुलिस ने जब्त कर लिया है। फरार चालक की पहचान और गिरफ्तारी के लिए पुलिस छानबीन कर रही है। मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### यादव समाज पर टिप्पणी को लेकर भगवान कुशवाहा सीधे माफी मांगें : भाई दिनेश

**जगदीशपुर।** यादव समाज को लेकर बिहार सरकार के मंत्री भगवान सिंह कुशवाहा के कथित बयान पर राजद नेता एवं जगदीशपुर के पूर्व विधायक भाई दिनेश ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि मंत्री को बयान पर सफाई देने के बजाय सीधे यादव समाज से सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए।

भाई दिनेश ने कहा कि यदि मंत्री का दावा है कि उन्होंने ऐसा कोई बयान नहीं दिया और किसी ने उनके नाम से गलत बात प्रसारित की है, तो उन्हें संबंधित के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराकर कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि बयान मंत्री का है तो सार्वजनिक माफी मांगी जाए। उन्होंने कहा कि मंत्री जैसे जिम्मेदार पद पर बैठे व्यक्ति से संवेदनशील और जिम्मेदार भाषा की अपेक्षा की जाती है।

किसी समाज के सम्मान को ठेस पहुंचाने वाली टिप्पणी को सामान्य घटना मानकर नहीं छोड़ा जा सकता। भाई दिनेश ने कहा कि इस मामले को लेकर जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र के हर गांव में लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से पुतला दहन किया जाएगा।

उन्होंने मुख्यमंत्री से भगवान सिंह कुशवाहा को मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने की मांग की।

उन्होंने कहा कि स्पष्टता, सार्वजनिक माफी और उचित कार्रवाई होने तक लोकतांत्रिक तरीके से विरोध जारी रहेगा।

## पीड़ित अधिकार केंद्र से मिलेगा संबल: कटिहार में लाइव जुड़े जिला जज व न्यायिक अधिकारी



**कटिहार,** पीड़ितों को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करने तथा न्याय प्रक्रिया में उन्हें जरूरी विधिक सहायता एवं संबल प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू किए गए 'पीड़ित अधिकार केंद्र' के उद्घाटन का शनिवार को कटिहार में सीधा प्रसारण किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा), कटिहार द्वारा व्यवहार न्यायालय परिसर में वीडियो प्रोजेक्टर के माध्यम से यूट्यूब पर आयोजित इस लाइव प्रसारण में जिले के तमाम वरिष्ठ न्यायिक पदाधिकारी, अधिवक्ता और विधिक स्वयंसेवक शामिल हुए।

उल्लेखनीय है कि बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (बालसा), पटना परिसर में नवनिर्मित पीड़ित अधिकार केंद्र का भव्य उद्घाटन सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत के कर-कमलों द्वारा संपन्न हुआ। इस राज्यस्तरीय आयोजन से कटिहार न्यायमंडल भी सीधे जुड़ा रहा।

कटिहार में आयोजित लाइव प्रसारण के दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष (डालसा) रणवीर सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इसके साथ ही जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम संदीप मिश्रा, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय आशुतोष राय, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश तृतीय सुनील कुमार, उत्पाद न्यायालय द्वितीय के विशेष न्यायिक पदाधिकारी सौरभ सिंह तथा अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी-सह-सचिव (डालसा) कमलेश सिंह देऊ की गरिमामयी उपस्थिति रही।

**न्याय तक पहुंच को और सुगम बनाएगा केंद्र: डालसा सचिव**

कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कटिहार के सचिव कमलेश सिंह देऊ ने कहा कि पीड़ित अधिकार केंद्र की स्थापना एक ऐतिहासिक व संवेदनशील पहल है। यह केंद्र अपराध पीड़ितों के अधिकारों के संरक्षण, उन्हें समय पर निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराने और न्याय तक उनकी पहुंच को अत्यंत सुगम व सरल बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। इससे समाज के अंतिम पायदान पर खड़े पीड़ित व्यक्ति को भी कानूनी प्रक्रिया में संबल मिलेगा।

**प्रशिक्षित मध्यस्थ और पैनल अधिवक्ता रहे मौजूद**

पटना में आयोजित मुख्य समारोह के दौरान बालसा के संरक्षक-सह-चीफ जस्टिस न्यायमूर्ति वी.

### 8 किलो 760 ग्राम गांजा के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**आरा/पीरो (भोजपुर)।** मादक पदार्थो के विरुद्ध कार्यवाही तेज करते हुए भोजपुर पुलिस के द्वारा पीरो थाना क्षेत्र के ग्राम मनैनी छलका के किराना दुकान से 8 किलो 760 ग्राम गांजा बरामद किया गया। गांजा कारोबारी सिकरहटा थाना के ग्राम नावाडीह निवासी श्रीराम ठाकुर का पुत्र अमित ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया गया।

सघन पूछ-ताछ के बाद अमित ठाकुर को जेल भेज दिया गया। घटना के सम्बन्ध मे बताया गया कि शुक्रवार को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक भोजपुर अवधेश दीक्षित के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कन्हैया कुमार के नेतृत्व मे अमित ठाकुर के किराना दुकान मे महिला एवम पुलिस बल के साथ पीरो थाना के पुलिस पदाधिकारी के द्वारा छापेमारी की गई।

छापेमारी के द्वारान अमित ठाकुर कि दुकान से कुल 8 किलो 760 ग्राम गांजा, गांजा तौलने वाला इलेक्ट्रॉनिक मशीन एवम एक मोबाइल बरामद कर गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## दीपंकर भट्टाचार्य की गिरफ्तारी के विरोध में माले ने आरा में फूंका पुतला


### वोट चोरी के खिलाफ संघर्ष जारी रखने का किया आह्वान, 28 को निकलेगा इंकलाब मार्च




**आरा (भोजपुर)।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की गिरफ्तारी की मांग को लेकर हुए प्रदर्शन के दौरान भाकपा-माले महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य समेत कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिए जाने के विरोध में माले कार्यकताओं ने शनिवार को आरा में प्रधानमंत्री और ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया। यह कार्रवाई पार्टी के राज्यव्यापी आह्वान के तहत की गई। जंतर-मंतर प्रदर्शन के दौरान दीपंकर भट्टाचार्य समेत कई लोगों को हिरासत में लिए जाने की पुष्टि विभिन्न रिपोर्टों में भी हुई है। माले जिला सचिव अभ्युदय ने पुलिस कार्रवाई की निंदा करते हुए कहा कि लोकतांत्रिक अधिकारों और मताधिकार की रक्षा के लिए उठ रही आवाज को दबाया नहीं जा सकता। सभा को राजू यादव और शिवप्रकाश रंजन ने भी संबोधित किया। नेताओं ने बताया कि 28 सितंबर को भगत सिंह की जयंती पर आइसा और आरवाइए की ओर से 'इंकलाब मार्च' निकाला जाएगा। 27 और 29 सितंबर को प्रखंड मुख्यालयों पर भी पुतला दहन किया जाएगा।

### भोजपुर में पहली बार होगा श्री सत्य साई युवा सम्मेलन 'संगम'

**रेड क्रॉस भवन सभागार में जुटेंगे जिलेभर के युवा, विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ होंगे शामिल**



**आरा (भोजपुर)।** श्री सत्य साईं सेवा संगठन, भोजपुर जिला इकाई की ओर से भोजपुर में पहली बार युवा सम्मेलन ह्यसंगमह्ल का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन का आयोजन आरा स्थित रेड क्रॉस भवन सभागार में किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. शैलेंद्र कुमार करेंगे। सम्मेलन में भोजपुर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से युवा भाग लेंगे। संगठन की ओर से मिली जानकारी के अनुसार सम्मेलन में राज्य स्तरीय अधिकारी सत्येंद्र कुमार, राज्य आध्यात्मिक समन्वयक जय नारायण दुबे, राज्य मेडिकल समन्वयक एवं योगाचार्य सूर्य प्रकाश पाठक, कृषि वैज्ञानिक डॉ. प्रवीण कुमार द्विवेदी तथा राज्य ट्रस्टी पदाधिकारी राज कुमार बतौर अतिथि शामिल होंगे। सम्मेलन में युवाओं के व्यक्तित्व विकास, आध्यात्मिक चेतना, सेवा भावना और सामाजिक दायित्व से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श किए जाने की जानकारी दी गई है। कार्यक्रम में संगठन के सक्रिय सदस्य भी मौजूद रहेंगे। आयोजकों ने सम्मेलन को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं।यदि सम्मेलन की तिथि और समय भी उपलब्ध है, तो उसे जोड़कर खबर को और पूर्ण रूप दिया जा सकता है।

### साइबर ठगी के शिकार व्यक्ति को वापस कराई गई 45,300 रुपये की राशि




**आरा (भोजपुर)।** भोजपुर साइबर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए साइबर ठगी के शिकार एक व्यक्ति के 45,300 रुपये वापस करा दिए। पुलिस की कार्रवाई के बाद पीड़ित को उसकी ठगी गई राशि वापस मिलने से राहत मिली। भोजपुर पुलिस की ओर से जारी सूचना के अनुसार, पीड़ित के साथ साइबर ठगी की घटना के बाद मामले की जानकारी साइबर थाना को दी गई थी। शिकायत प्राप्त होने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित प्रक्रिया पूरी की और पीड़ित के खाते से ठगी गई 45,300 रुपये की राशि सफलतापूर्वक वापस कराई। पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित अनुसार, यह कार्रवाई एसडीई संख्या 410/26 के माध्यम से सुनिश्चित की गई। राशि वापस मिलने के बाद पीड़ित ने पुलिस की कार्रवाई के प्रति संतोष जताया। भोजपुर पुलिस ने आम लोगों से साइबर अपराध के प्रति सतर्क रहने की अपील की है। पुलिस ने कहा कि किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर बिना देर किए 1930 पर डायल कर शिकायत दर्ज कराएं, ताकि समय रहते राशि को सुरक्षित कराने की कार्रवाई की जा सके।

### पुलिस दीदी अभियान से छात्राओं में बढ़ाया जा रहा सुरक्षा का भरोसा

**बड़हरा।** प्रखंड के कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र में छात्राओं की सुरक्षा और उन्हें जागरूक करने के उद्देश्य से पुलिस की ओर से 'पुलिस दीदी' अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित के निर्देश पर शुरू किये गये इस अभियान के तहत थाना क्षेत्र के स्कूलों, कोचिंग संस्थानों समेत अन्य शैक्षणिक संस्थानों में पुलिसकर्मी पहुंचकर छात्राओं से संवाद कर रहे हैं। अभियान के दौरान छात्राओं को सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी जा रही है। पुलिसकर्मी छात्राओं से उनकी समस्याओं, सुरक्षा संबंधी चिंताओं और किसी तरह की शिकायत के बारे में जानकारी ले रहे हैं। साथ ही उन्हें किसी भी परेशानी की स्थिति में बिना झिझक पुलिस से संपर्क करने और मदद लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

संदिग्ध गतिविधियों की सूचना देने की अपील

पुलिस की ओर से छात्राओं को आपात स्थिति में सतर्क रहने के साथ-साथ आसपास होने वाली संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी तत्काल पुलिस को देने की अपील की जा रही है। शैक्षणिक संस्थानों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था पर भी पुलिस की नजर है। अभियान के माध्यम से पुलिस और छात्राओं के बीच संवाद को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है, ताकि छात्राएं अपनी समस्याएं खुलकर पुलिस के सामने रख सकें।

## यामनी रंजन मिश्रा बने राष्ट्रीय प्रवक्ता, भोजपुर लोजपा रामविलास ने किया भव्य स्वागत



**आरा (भोजपुर)।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के नवनियुक्त राष्ट्रीय प्रवक्ता यामनी रंजन मिश्रा के भोजपुर आगमन पर भोजपुर लोजपा रामविलास के कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों द्वारा सर्किट हाउस, आरा में भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर यामनी रंजन मिश्रा ने कहा कि पार्टी ने उन्हें जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है, उस पर वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

उन्होंने कहा कि वे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान, अरुण भारती, धीरेंद्र मुना सहित पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हैं, जिन्होंने उन्हें यह जिम्मेदारी दी। उन्होंने कहा कि छात्र प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में जिस तरह उन्होंने संगठन के विस्तार और पार्टी के हित में कार्य किया, उसी प्रकार राष्ट्रीय प्रवक्ता के रूप में भी पार्टी की नीतियों, विचारों और कार्यकताओं की बातों को मजबूती के साथ रखने का प्रयास करेंगे।

यामनी रंजन मिश्रा ने कहा कि ह्लपार्टी ही हमारी माँ है।ह्व उन्होंने कहा कि कुछ समय तक किसी पद पर नहीं रहने के बावजूद वे लगातार पार्टी के हित में काम करते रहे हैं। पार्टी उन्हें कोई पद या दायित्व दे या न दे, वे हमेशा एक समर्पित कार्यकर्ता के रूप में पार्टी के हित में काम करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, उस पर पूरी निष्ठा के साथ खरा उतरना उनका प्रयास रहेगा। इस अवसर पर भोजपुर जिला अध्यक्ष राजेश्वर पासवान ने कहा कि यामनी रंजन मिश्रा भोजपुर के लाल हैं।

उन्होंने छात्र प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहते हुए भी संगठन के विस्तार और पार्टी को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य किया। आज उन्हें राष्ट्रीय प्रवक्ता की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलना पूरे भोजपुर के लिए गर्व की बात है। राजेश्वर पासवान ने कहा कि यामनी रंजन मिश्रा लोजपा परिवार के छोटे-बड़े सभी कार्यकताओं को साथ लेकर चलने वाले व्यक्ति हैं और कार्यकताओं के सुख-दुःख में हमेशा खड़े रहते हैं। उनके राष्ट्रीय प्रवक्ता बनने से भोजपुर के कार्यकताओं में खुशी और उत्साह का माहौल है। कार्यक्रम में छात्र प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष विकास सिंह, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मनोज पासवान, लेबर सेल के जिला अध्यक्ष प्रमोद पासवान, संसदीय बोर्ड जिला अध्यक्ष राजेश साहू, युवा प्रकोष्ठ प्रदेश महासचिव प्रशांत सिंह चंदेल, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव मनीष बुचुली, ललन यादव, अरविन्द ओझा, मीडिया प्रभारी संजू पासवान, अरविन्द कुमार, रजनीश श्रीवास्तव, राहुल कुमार सिंह, नीरज कुमार सिंह, नीलेश उपध्याय, सोनू सिंह, संजय राय सहित लोजपा रामविलास के दर्जनों पदाधिकारी एवं सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## वर्षा एवं मौसम की स्थिति के मद्देनजर जिला प्रशासन का सतत निगरानी एवं आवश्यक



**आरा (भोजपुर)।** भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) एवं बिहार मौसम सेवा केंद्र द्वारा जारी पूवार्नुमान के अनुसार 28 सितम्बर 2026 तक भोजपुर जिले में हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना व्यक्त की गई है। जिला पदाधिकारी भोजपुर मनेश कुमार मीणा के निदेर्शानुसार भोजपुर जिले में हो रही वर्षा एवं मौसम की स्थिति को देखते हुए सभी संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर सतत निगरानी एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। जिले के कुछ क्षेत्रों में वर्षा एवं तेज हवा के कारण गिरे पेड़ों को विद्युत विभाग एवं वन विभाग द्वारा समन्वय के साथ हटाने की कार्रवाई की गई है, जिससे आवागमन एवं विद्युत व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में सहायता मिली है। फ्लड कंट्रोल डिवीजन द्वारा संवेदनशील एवं तटबंधीय क्षेत्रों में 24.7 पेट्रोलिंग एवं सतत निगरानी की जा रही है। आवश्यकता वाले स्थानों पर बाढ़ निरोधात्मक कार्य भी से कराया जा रहा है। जल निकासी एवं सड़क व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने हेतु आरसीडी एवं आरडब्लुडी द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। नगर निगम क्षेत्र में भी जल निकासी एवं साफ-सफाई व्यवस्था पर कार्रवाई की जा रही है।

## चोरी की मोटरसाइकिल की नंबर प्लेट में छेड़छाड़ कर चला रहे दो युवक गिरफ्तार



**आरा/जगदीशपुर (भोजपुर)।** जगदीशपुर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी की मोटरसाइकिल की नंबर प्लेट में छेड़छाड़ कर उसका इस्तेमाल करने के मामले में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल भी बरामद की है। पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित के अनुसार, जगदीशपुर थाना कांड संख्या 316/26, दिनांक 24 सितंबर 2026 के तहत कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने दोनों आरोपितों को पकड़ा।

आरोपित चोरी की गई मोटरसाइकिल के मूल नंबर प्लेट में छेड़छाड़ कर उसकी जगह अपना नंबर प्लेट लगाकर वाहन का उपयोग कर रहे थे।

गिरफ्तार आरोपितों में गुड्डू कुमार पिता श्रवण कुमार सिंह, उम्र 19 वर्ष, निवासी डुमरांव टोला, थाना धनगाई, जिला भोजपुर तथा अजय कुमार, पिता हरिनारायण सिंह, निवासी रामदास टोला, थाना जगदीशपुर, जिला भोजपुर शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि बरामद मोटरसाइकिल चोरी की है।

नंबर प्लेट में छेड़छाड़ किए जाने के मामले में दोनों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

## अभिभावक संगोष्ठी कर बच्चों के बीच प्रगति पत्रक का किया गया वितरण



**आरा/जगदीशपुर।** मध्य विद्यालय बभनियांव, जगदीशपुर पूर्वी में अभिभावक संगोष्ठी आयोजित कर बच्चों को पढ़ाई के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्रधानाध्यापक कंचनमाला कुमारी एवं संचालन शिक्षक पंकज कुमार सिंह ने किया।

स्थानीय शिक्षक सह शिक्षक नेता पंकज कुमार सिंह मंटु ने बताया कि अर्द्ध वार्षिक परीक्षा का प्रगति पत्रक अभिभावक की उपस्थिति में बच्चों के बीच बांटा गया। अभिभावक गण को संबोधित करते हुए प्रभारी प्रधानाध्यापक कंचनमाला कुमारी ने बताया कि सरकार की सोच शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने का है।

शिक्षक एवं अभिभावक समन्वय बनाकर बच्चों को शिक्षित कर सकते हैं। स्थानीय शिक्षक सह शिक्षक नेता पंकज कुमार सिंह मंटु बताया कि सरकार बच्चों को पोशाक, छात्रवृत्ति, किताब की राशि प्रदान कर रही है। बच्चों को सिर्फ ससमय विद्यालय आकर शिक्षा ग्रहण करना है। अभिभावक समय पर अपने बच्चों को विद्यालय भेजने का काम करें और शिक्षक द्वारा दिए गए गृह कार्य को? देखने का काम करें। शिक्षक धनन्जय कुमार सिंह ने कहा कि बच्चे, अभिभावक एवं विद्यालय परिवार के बीच तालमेल कर बच्चों का सृजनात्मक विकास किया जा सकता हैं। विद्यालय शिक्षा समिति के सचिव संगीता देवी, अभिभावक रामबदन राम, दिलीप चौधरी, सुभाष प्रसाद ने कहा कि विद्यालय कैम्पस की साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल, वर्ग कक्ष में श्यामपट्ट और बेंच, सभी कमरों में लाईट और पंखे की उतम व्यवस्था बच्चों के लिए की गई है जो बच्चों के विकास के लिए जरूरी है। शिक्षिका पिंकी कुमारी, रविना कुमारी एवं तृप्ति कुमारी ने उपस्थित अभिभावकों से बच्चों पर सदैव ध्यान देने की बात कही। इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाध्यापक कंचनमाला कुमारी, शिक्षक पंकज कुमार सिंह मंटु, धन्नजय कुमार सिंह, संजीव कुमार, चन्दन कुमार, विमल कुमार, शिक्षिका पिंकी कुमारी, तृप्ति कुमारी, आशा कुमारी, रविना कुमारी, विद्यालय शिक्षा समिति के सचिव संगीता कुमारी, शिक्षा सेवक प्रमोद कुमार राय, अभिभावक रामबदन राम, जितेन्द्र गिरी, दिलीप चौधरी, सुभाष प्रसाद, भुटेली कहार, गणेश प्रसाद, रामाकांत, उमाशंकर, राधाकिशुन यादव, राजेश कुमार, तारकेश्वर प्रसाद, चंदा कुमारी, सपना कुमारी, प्रियंका कुमारी, विजान्ती देवी, कंचन देवी, कौशल्या कुंवर, मुनी देवी, उपेन्द्र राम, लक्ष्मीना देवी, रेखा देवी सहित दर्जनों अभिभावक उपस्थित थे।

# बाढ़ प्रभावितों से मिले सांसद पप्पू यादव, महिलाओं को दी आर्थिक



**सुपौल,** कोसी नदी के बढ़े जलस्तर के बीच शनिवार को पूर्णिया के सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव किशनपुर प्रखंड क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित इलाकों के दौरे पर पहुंचे।
उन्होंने किशनपुर उत्तर पंचायत के पीरगंज गांव में पहुंचकर कोसी नदी से प्रभावित बाढ़ पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं की जानकारी ली। सांसद के गांव पहुंचने की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर जुट गए।
इस दौरान बाढ़ प्रभावित परिवारों ने सांसद के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं। ग्रामीणों ने बताया कि बाढ़ के कारण आवागमन प्रभावित है। इसके अलावा भोजन, पेयजल, राहत सामग्री सहित दैनिक जरूरतों को लेकर भी लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रभावित लोगों ने तत्काल राहत एवं सहायता उपलब्ध कराने की मांग की। सांसद पप्पू यादव ने बाढ़ पीड़ितों की समस्याओं को गंभीरता से सुना।
उन्होंने प्रभावित परिवारों से बातचीत कर क्षेत्र में बाढ़ की स्थिति, जलजमाव, आवागमन और राहत-बचाव कार्य की जानकारी ली। सांसद ने लोगों को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाते हुए कहा कि बाढ़ की स्थिति में प्रभावित परिवारों को सहायता उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक स्तर पर पहल की जाएगी।
दौरे के दौरान सांसद पप्पू यादव ने मौके पर मौजूद बाढ़ प्रभावित महिलाओं को आर्थिक सहायता भी प्रदान की। आर्थिक मदद मिलने पर महिलाओं ने राहत की बात कही। इस दौरान सांसद ने महिलाओं से उनकी व्यक्तिगत एवं पारिवारिक परेशानियों की भी जानकारी ली। ग्रामीणों ने सांसद को बताया कि बाढ़ के कारण कई परिवारों के सामने रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने की चुनौती उत्पन्न हो गई है।
लोगों ने राहत सामग्री के वितरण के साथ-साथ प्रभावित क्षेत्रों में आवागमन की व्यवस्था बेहतर करने की मांग की। पीरगंज गांव पहुंचे सांसद के सामने स्थानीय लोगों ने क्षेत्र में राहत एवं बचाव कार्य को और तेज करने की आवश्यकता बताई।
ग्रामीणों ने बाढ़ प्रभावित परिवारों तक पर्याप्त राहत सामग्री पहुंचाने तथा जरूरतमंद लोगों की तत्काल मदद करने की मांग रखी। सांसद ने प्रभावित परिवारों से कहा कि वे अपनी समस्याओं से अवगत कराते रहें।

## दाउदनगर में खंडहरनुमा स्थान से अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद, इलाके में मची सनसनी



**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** दाउदनगर शहर के अशोक फील्ड के बगल स्थित एक खंडहरनुमा स्थान से शुक्रवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव की पहचान अब तक नहीं हो सकी है।
शव मिलने की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई।
देखते ही देखते घटनास्थल पर सैकड़ों लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। घटना को लेकर इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं होने लगीं।
सूचना मिलने पर दाउदनगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया।
सब इंस्पेक्टर प्रेम रोशन ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की। पुलिस शव की पहचान कराने के साथ-साथ व्यक्ति की मौत के कारणों का पता लगाने में जुटी है।

## एक और 'लक्ष्मीना' के अरमानों का बेरहमी से कत्ल

### प्यार की खातिर घर छोड़ने वाली बेटी का शव बोरे में बंद कुएं से बरामद

**सासाराम।** जिस बेटी ने अपने सुनहरे भविष्य और प्यार की खातिर अपनों की दहलीज लांघी थी, उसका सफर विश्रामपुर की पहाड़ियों के एक सूने कुएं में खत्म हो गया। रोहतास जिला के बिक्रमगंज के मानी गांव की रहने वाली लक्ष्मीना कुमारी ने शायद कभी सपने में भी नहीं सोचा होगा कि जिस प्यार के लिए उसने घर छोड़ा, उसका अंजाम इतना खौफनाक होगा। लक्ष्मीना कुमारी अब इस दुनिया में नहीं है। उसका शव एक बोरे में सिमटा हुआ कुएं से बाहर निकाला गया, जिसे देखकर हर आंख नम हो गई।
कुछ समय पहले ही लक्ष्मीना और विश्रामपुर के युवक के बीच प्यार परवान चढ़ा था। दोनों ने समाज की परवाह किए बिना भागकर शादी की और एक छोटी सी झोपड़ी में अपनी दुनिया बसाई थी। लेकिन बीते कुछ दिनों से जब लक्ष्मीना की आवाज उसके मायके वालों के कानों में नहीं गूंजी, तो मां-बाप का दिल बैठ गया। जब तीन दिनों तक मायके वालों का लक्ष्मीना से संपर्क नहीं हुआ, तो अनहोनी की आशंका में माता-पिता ने बड्डी थाने में गुहार लगाई। वे बड्डी थाने पहुंचे, मगर तब तक बहुत देर हो चुकी थी। बेटी को जिंदा देखने की उम्मीद लेकर आए माता-पिता के सामने उसकी लाश खड़ी थी। पुलिस की सक्रियता से शव तो बरामद हो गया, लेकिन अब कई बड़े सवाल खड़े हो रहे हैं।
पुलिस ने मृतका के ससुर फिलम बिंद और एक अन्य संदिग्ध धनजी पासी को हिरासत में लिया है। पुलिस हर उस कड़ी को जोड़ रही है जिससे इस बेरहम हत्या की साजिश का पदार्फाश हो सके। असली सच पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद सामने आएगा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। यह घटना समाज से पूछ रही है कि आखिर कब तक बेटियां इस तरह के खौफ का शिकार होती रहेंगी?
पुलिस के मुताबिक, लक्ष्मीना ने विश्रामपुर के फिलम बिंद के बेटे से प्रेम विवाह किया था और दोनों वहीं एक झोपड़ी में रह रहे थे। पिछले दो-तीन दिनों से लक्ष्मीना का अपने मायके वालों से संपर्क टूटा हुआ था, जिसके बाद परिजनों ने बड्डी थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। छानबीन के दौरान पुलिस ने कुएं से शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस इसे हत्या का मामला मानकर जांच कर रही है। इस सिलसिले में मृतका के ससुर फिलम बिंद और धनजी पासी नामक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चलेगा।

## पंडाल बना दिखावा, चारों तरफ जलजमाव, पिंडदानियों की दुर्दशा पर पंडा समिति का फूटा गुस्सा

**मसौढ़ी (पटना)।** अंतरराष्ट्रीय पुनपुन पितृपक्ष मेले में जिला प्रशासन की तैयारियों की पहली बारिश में ही पोल खुल गई। शनिवार को हुई बारिश के बाद पिंडदान के लिए बनाया गया मुख्य पंडाल पूरी तरह पानी-पानी हो गया। पंडाल में पानी आ जाने से पिंडदानियों को खड़े-खड़े ही पिंडदान और तर्पण करना पड़ा। प्रशासन ने मेला शुरू होने से पहले पिंडदानियों को हर सुविधा देने का वादा किया था, लेकिन बारिश होते ही वादे धरे रह गए। बेगूसराय से आए पिंडदानी सुभाष प्रसाद ने नाराजगी जताते हुए कहा कि बारिश में छिपने और बैठने की कोई व्यवस्था नहीं थी। हम लोग खड़े-खड़े ही विधिवत तर्पण करने को विवश हुए। पिंड को नदी में प्रवाहित भी नहीं कर सके। लखीसराय से आई महिला पिंडदानियों ने भी व्यवस्था पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि जब प्रशासन को पता था कि यह बरसात का समय है, तो पंडाल में वाटरप्रूफिंग की मुकम्मल व्यवस्था होनी चाहिए थी। सिर्फ उद्घाटन करके अधिकारी चले गए, जमीनी हकीकत कोई देखने वाला नहीं है। पूरा पंडाल परिसर जलजमाव में तब्दील हो गया। इधर-उधर पानी भरा होने से बैठकर पूजा-अर्चना करना मुश्किल हो गया। महिला पिंडदानियों को सबसे ज्यादा दिक्कतों का सामना करना पड़ा। पुनपुन पंडा समिति के सचिव रिंकू पांडे ने भी प्रशासन पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि देश-विदेश से आने वाले पिंडदानी क्या संदेश लेकर जाएंगे कि बिहार में यही व्यवस्था होती है। न बैठने की जगह है, न बारिश से बचने की। उन्होंने मांग की है कि आने वाले दिनों में पंडाल की व्यवस्था तुरंत सुदृढ़ की जाए ताकि पिंडदानी शांतिपूर्ण ढंग से बैठकर विधिवत पूजा कर सकें।

## उपहारा पंचायत के वार्ड 3 में कच्ची गलियों से ग्रामीण परेशान, पक्की सड़क की मांग

**गोह (औरंगाबाद)।** प्रखंड की उपहारा पंचायत के वार्ड नंबर 03 स्थित अनुसूचित टोला में ईंट सोलिंग नहीं होने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पंचायत सरकार भवन के आसपास की गलियां बारिश के दिनों में कीचड़ और जलजमाव से भर जाती हैं, जिससे लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो जाता है। ग्रामीण जयराम डोम, राकेश पासवान, मनोज दास, आदित्य कुमार और अखिलेश पासवान ने बताया कि टोले में कई रास्ते अब भी कच्चे हैं। बरसात के दौरान इन रास्तों पर पानी जमा हो जाने से कीचड़ की स्थिति बन जाती है। ऐसे में पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। ग्रामीणों के अनुसार, इन रास्तों से बीमार लोगों को अस्पताल ले जाने में परेशानी होती है। वहीं, स्कूल जाने वाले बच्चों को भी कीचड़ भरे रास्तों से होकर गुजरना पड़ता है। पंचायत क्षेत्र के लोगों को पंचायत सरकार भवन तक पहुंचने में भी काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि इस समस्या को लेकर कई बार जनप्रतिनिधियों को जानकारी दी गई, लेकिन अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका है। ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से जल्द से जल्द गलियों में ईंट सोलिंग अथवा पक्की सड़क का निर्माण कराने की मांग की है, ताकि बरसात के दिनों में आवागमन सुचारू हो सके।

## वैश्य सभा के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ, दहेज मुक्त विवाह पर दिया जोर

**गुरारू (गयाजी )।** रेखा मैरिज हॉल में शनिवार को अखिल भारतीय मध्यदेशीय वैश्य सभा गुरारू बाजार समिति के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों का शपथ ग्रहण सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गुरुआ विधायक उपेंद्र प्रसाद, वार्ड पार्षद मुन्नी देवी, युवा राष्ट्रीय महामंत्री अभिषेक देव, सहजानंद गुप्ता, अनिल कुमार गुप्ता, नरेंद्र कुमार गुप्ता, शिव कुमार गुप्ता व संतोष कुमार गुप्ता मौजूद रहे। समारोह में गुरारू बाजार समिति के अध्यक्ष शशि गुप्ता, सचिव मुन्ना कुमार, कोषाध्यक्ष राकेश कुमार, उपाध्यक्ष दीपक कुमार गुप्ता, संगठन मंत्री रंजीत कुमार उर्फ पाली समेत अन्य सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। विधायक उपेंद्र प्रसाद ने कहा कि समाज में बिना दहेज विवाह को बढ़ावा देने की जरूरत है।

## नवीनगर स्टेशन पर दो युवक गिरफ्तार, कट्टा व दो कारतूस बरामद



**औरंगाबाद।** नवीनगर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या दो से आरपीएफ और रेल पुलिस की टीम ने संदिग्ध स्थिति में घूम रहे दो युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवकों की पहचान झारखंड के गढ़वा जिले के कांडी थाना क्षेत्र के नारायणपुर निवासी 25 वर्षीय विशाल कुमार तथा भौनाथपुर थाना क्षेत्र के बनखेता निवासी 20 वर्षीय मनीष कुमार यादव के रुप में हुई है।
तलाशी के दौरान दोनों के पास मौजूद नीले रंग के बैग से एक देशी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए। सोननगर जीआरपी थानाध्यक्ष श्याम रजक ने बताया कि आरपीएफ इंस्पेक्टर रामविलास राम के नेतृत्व में पुलिस बल द्वारा रेलवे स्टेशन पर छापेमारी एवं जांच अभियान चलाया जा रहा था। आरपीएफ के जवान प्लेटफार्म संख्या दो पर ड्यूटी में तैनात थे।
इसी दौरान दोनों युवकों की गतिविधियां संदिग्ध प्रतीत होने पर उन्हें रोककर पूछताछ की गई। तलाशी लेने पर नीले रंग के बैग से हथियार और कारतूस बरामद हुए। इसके बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार विशाल कुमार के खिलाफ झारखंड के कांडी थाना में पहले से सात मामले दर्ज हैं। वह करीब डेढ़ माह पहले ही जेल से बाहर आया था। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि दोनों युवक हथियार लेकर नवीनगर स्टेशन क्यों पहुंचे थे और हथियार किस उद्देश्य से रखा गया था। पुलिस दोनों से पूछताछ कर उनके आपराधिक इतिहास और अन्य संभावित कनेक्शन की जानकारी जुटा रही है। जीआरपी ने बरामद देशी कट्टा और दोनों जिंदा कारतूस को जब्त कर लिया है। मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार दोनों आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। दोनों को गया केंद्रीय कारा भेजा जाएगा। रेलवे स्टेशन पर पुलिस और आरपीएफ की संयुक्त कार्रवाई से हथियार लेकर घूम रहे युवकों की गिरफ्तारी को सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## बारिश भी नहीं रोक सकी सेवा का संकल्प, कार की रोशनी में डाक बम श्रद्धालुओं की सेवा



**औरंगाबाद।** भगवान भोलेनाथ के भक्तों की सेवा को समर्पित नीलकंठ महादेव सेवा समिति, औरंगाबाद ने अपनी सेवा का विस्तार करते हुए अब पूरे वर्ष प्रत्येक पूर्णिमा के अवसर पर पैदल बाबा धाम जाने वाले डाक बम श्रद्धालुओं की सेवा शुरू कर दी है। सावन माह के बाद भी समिति द्वारा सेवा कार्य जारी रखने की इस पहल से श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है।
इस सेवा की शुरूआत इस बार मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों के बीच की गई। तेज बारिश के बावजूद समिति के सदस्यों ने सेवा कार्य को रोकने के बजाय पूरे उत्साह और समर्पण के साथ डाक बम श्रद्धालुओं की सहायता की। बारिश इतनी तेज थी कि सेवा स्थल पर लाइट की व्यवस्था तक नहीं हो सकी। इसके बावजूद समिति के सदस्यों ने हिम्मत नहीं हारी और कार की लाइट जलाकर श्रद्धालुओं की सेवा जारी रखी।
बारिश, अंधेरा और प्रतिकूल मौसम भी समिति के सदस्यों के सेवा भाव को डिगा नहीं सके। कार की रोशनी में ही डाक बम श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक सेवा उपलब्ध कराई गई। समिति के सदस्यों के इस समर्पण की श्रद्धालुओं ने भी सराहना की।
समिति के संस्थापक लखन प्रसाद और नीरज कुमार उर्फ लप्पू गुप्ता ने कहा कि सावन माह में तो भगवान भोलेनाथ के भक्तों की सेवा का अवसर मिलता ही है, लेकिन सेवा को केवल सावन तक सीमित नहीं रखा जाएगा। पूरे साल प्रत्येक पूर्णिमा को पैदल जाने वाले डाक बम श्रद्धालुओं के लिए सेवा जारी रखने का निर्णय लिया गया है। मौसम चाहे जैसा भी हो, श्रद्धालुओं की सेवा का प्रयास लगातार जारी रहेगा।
समिति का उद्देश्य धार्मिक आस्था के साथ-साथ श्रद्धालुओं की यात्रा को सुविधाजनक बनाना और जरूरत के समय उन्हें सहयोग उपलब्ध कराना है। तेज बारिश के बीच कार की रोशनी में शुरू हुई यह सेवा समिति के सेवा भाव और संकल्प की मिसाल बन गई।

## जगदीशपुर में सिपाही को साथ लेकर नदी में कूदा आरोपी, पुलिस हाथ मलती रह गई



**भागलपुर।** जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र में पुलिस और एक अपराधी के बीच आँख मिचौली का एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। गुप्त सूचना के आधार पर सैदपुर घाट के पास चांदन नदी के छारन इलाके से पुलिस ने मोहदीपुर गांव के रहने वाले संतोष यादव को दबोच लिया था। तलाशी में उसके पास से एक देसी मास्केट और कारतूस भी बरामद हुआ था। पुलिसकर्मी जब उसे चचरी पुल के रास्ते गाड़ी तक ला रहे थे, तभी आरोपी ने ऐसा दांव चला कि सब दंग रह गए।
संतोष यादव ने अचानक पास खड़े सिपाही को अपनी गिरफ्त में लिया और सीधे चांदन नदी की तेज और उफनती हुई धाराओं में छलांग लगा दी। पानी का बहाव इतना तेज था कि कुछ पलों के लिए वहां अफरा-तफरी मच गई। हालांकि, सतर्क सिपाही ने हिम्मत नहीं हारी और किसी तरह संघर्ष करते हुए तैरकर सुरक्षित बाहर आ गया और अपनी जान बचाई। घटना के बाद इलाके में यह चर्चा फैल गई कि आरोपी नदी में डूब गया है या लापता है।
पुलिस अब आरोपित की तलाश में जुटी है।
घटना के बाद नदी के आसपास के इलाके में भी उसकी खोजबीन की जा रही है। जगदीशपुर थानाध्यक्ष रामचंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस को संतोष यादव के हथियार के साथ चांदन नदी के पास मौजूद होने की सूचना मिली थी। सूचना पर कार्रवाई करते हुए उसे हथियार के साथ पकड़ा गया था, लेकिन वह पुलिस को चकमा देकर एक सिपाही को साथ लेकर नदी में कूद गया।
जगदीशपुर पुलिस का कहना है कि संतोष यादव नदी में कूदने के बाद दूसरी तरफ के किनारे पहुंच गया और वहां से फरार हो गया। पुलिस ने उसके पास से बरामद देसी मास्केट और कारतूस को जब्त कर लिया है। पुलिस अब आरोपित की तलाश में जुटी है। घटना के बाद नदी के आसपास के इलाके में भी उसकी खोजबीन की जा रही है।
जगदीशपुर थानाध्यक्ष रामचंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस को संतोष यादव के हथियार के साथ चांदन नदी के पास मौजूद होने की सूचना मिली थी। सूचना पर कार्रवाई करते हुए उसे हथियार के साथ पकड़ा गया था, लेकिन वह पुलिस को चकमा देकर एक सिपाही को साथ लेकर नदी में कूद गया। थानाध्यक्ष के अनुसार, आरोपित की तलाश की जा रही है। पुलिस के मुताबिक संतोष यादव के खिलाफ पहले से कई मामले दर्ज हैं।

## गोह पीएचसी में 'मिशन जिंदगी' के तहत रक्तदान को लेकर जागरूकता, लोगों से की गई रक्तदान की अपील

**गोह (औरंगाबाद)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत ‟मिशन जिंदगी–रक्तदान महादान" अभियान को लेकर जागरूकता कार्यक्रम शनिवार को आयोजित किया गया।
कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को रक्तदान के महत्व की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक योग्य लोगों से स्वैच्छिक रक्तदान करने की अपील की गई।
स्वास्थ्य विभाग की ओर से लोगों को संदेश दिया गया कि रक्तदान किसी जरूरतमंद मरीज के लिए जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। दुर्घटना, प्रसव, ऑपरेशन तथा विभिन्न गंभीर बीमारियों के इलाज के दौरान कई मरीजों को रक्त की आवश्यकता पड़ती है। ऐसे समय में उपलब्ध रक्त मरीजों के उपचार में काफी मददगार साबित होता है।
कार्यक्रम में स्वास्थ्य प्रबंधक डॉ. रवि प्रकाश ने रक्तदान के प्रति लोगों को जागरूक किया। उन्होंने लोगों से अपील की कि योग्य और स्वस्थ व्यक्ति चिकित्सकीय सलाह एवं जांच के बाद स्वैच्छिक रूप से रक्तदान करें। साथ ही उन्होंने रक्तदान को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करने और समाज के अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करने की बात कही।
अभियान के दौरान लोगों के बीच ‟रक्तदान महादान" का संदेश दिया गया। साथ ही यह अपील की गई कि लोगों द्वारा किया गया रक्तदान जरूरत के समय किसी मरीज के लिए बेहद महत्वपूर्ण साबित हो सकता है।
इस अवसर पर मनोज दुबे, गोल्डन कुमार, धर्मेंद्र कुमार, मनु उपाध्याय, विपुल मिश्रा और श्रवण कुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।
उपस्थित लोगों ने रक्तदान के महत्व को समझते हुए समाज में जागरूकता फैलाने और जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आने का संदेश दिया।
स्वास्थ्य विभाग की ओर से लोगों से अपील की गई कि रक्तदान को लेकर जागरूकता बढ़ाएं और पात्र होने पर स्वैच्छिक रक्तदान कर 'मिशन जिंदगी' अभियान में अपना योगदान दें।

## सोनपुर अंचल कार्यालय का शिक्षक निर्वाचन बूथ दुधैला पंचायत सरकार भवन में स्थानांतरित करने का प्रस्ताव पारित

**सारण,** शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत अंचल कार्यालय सोनपुर स्थित मतदान केंद्र को पंचायत सरकार भवन, दुधैला में स्थानांतरित करने का प्रस्ताव पारित किया गया है।
सारण समाहरणालय सभागार में जिलाधिकारी सह सहायक निवार्ची पदाधिकारी वैभव श्रीवास्तव की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बैठक में यह निर्णय लिया गया।
बैठक में बताया गया कि अंचल कार्यालय भवन के नवनिर्माण कार्य हेतु टूटने के कारण यह बदलाव आवश्यक हो गया था। भारत निर्वाचन आयोग के नियमानुसार मतदान केंद्र 16 किलोमीटर के दायरे में होना चाहिए,।

## विष्णुधाम भगवान विष्णु की आराधना पितरों के प्रति श्रद्धा करने का है आकर्षण केंद्र धार्मिक एवम सांस्कृतिक विरासत का बन गई पहचान



**औरंगाबाद।** बारुण प्रखंड के रढुआ धाम के तट पर विष्णु महोत्सव परिसर मे दो दिवसीय पितृपक्ष महोत्सव का समापन गीत संगीत एवम वक्ताओं के भाषण के उपरांत समापन की गई। दूसरे दिन महोत्सव का उदघाटन विष्णु महोत्सव के अध्यक्ष अजित सिंह पूर्व मुखिया सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता महोत्सव के सूत्रधार सिद्धेश्वर विद्यार्थी भाजपा नेता संजय गुप्ता एवं सरपंच पप्पू ज्वाला सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया ।
इस मौके पर महोत्सव के सूत्रधार सिद्धेश्वर विद्यार्थी एवं महोत्सव के अध्यक्ष अजित सिंह ने कहा कि,पितृपक्ष के दौरान आने श्रृद्धालुओं की सुविधा कराना हमारा मुख्य उद्देश्य है। सभी व्यवस्थाओं को लगातार निगरानी की जा रही है और उसे कठिनाई आने पर तत्काल समस्या का समाधान करने का प्रयास किया जा रहा है।
उन्होंने सभी सदस्यों को भी स्वच्छता अभियान एवम साफ सफाई को बेहतर तरीके से परिसर को सफाई रखने को आहवान किया । कहा कि,यह पितृपक्ष के मेले पर इस धाम पर पितरों के प्रति श्रद्धा और प्राचीन धार्मिक लोक के श्रद्धालु पहली पिंड देकर गया प्रस्थान करते है। जिला पदाधिकारी द्वारा भी कई आवश्यक निर्देश दिया है । जिसके तहत कार्य किया जा रहा है। पूर्व मुखिया सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता सरपंच ज्वाला सिंह संजय गुप्ता ने कहा कि,पितृपक्ष मेले मे आए हुए श्रृद्धालुओं को सरकारी अस्पताल के चिकित्सक भी नियुक्त किए गए है। जो आने वाले श्रद्धालुओं को देख देख कर रहे हैं । कहा कि,जम्होर प्रशासन भी सुरक्षा को लेकर सजग है । f
पतृपक्ष के दौरान पुनपुन नदी तट पर श्रद्धालुओं पिंडदान को ले पहुंचना शुरू कर दिए है। कहा कि,आने वाले दिनों मे विष्णुधाम एक इतिहासिक सांस्कृतिक महत्वपूर्ण होगा । इस मौके पर जितेंद्र गुप्ता राणा सिंह राजीव कुमार अनिल अग्रवाल पिंकू सिंह पवन विश्वकर्मा विनोद मेहता मुना राठौर राजेश्वर पासवान उपेंद्र यादव मनु कुमार बड़ी संख्या मे लोग उपस्थित रहे ।

## पारिवारिक विवाद में घर में आग लगाने का आरोप, पिता समेत दो की मौत

**औरंगाबाद।** जिले के कासमा थाना क्षेत्र के मियांबिगहा गांव में शुक्रवार की मध्य रात्रि घर में आग लगने से पिता समेत दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद मौके पर पहुंची कासमा पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीम ने आग पर काबू पाया। इसके बाद तीनों घायलों को इलाज के लिए रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।
घायलों की पहचान मियांबिगहा गांव निवासी 50 वर्षीय मोहम्मद सलीम तथा गया जिले के गुरारू थाना क्षेत्र के बुधपुर गांव निवासी मोहम्मद तोहिद की 18 वर्षीय पुत्री आफरीन परवीन और 16 वर्षीय पुत्री चांदनी परवीन के रूप में हुईk
बताया गया कि दोनों बहनें पिछले पांच-छह वर्षों से अपनी फुआ के घर मियांबिगहा कासमा में रह रही थीं।
ग्रामीण शदाब आलम के अनुसार, पारिवारिक विवाद को लेकर मोहम्मद सलीम और उनके बड़े पुत्र इश्तेखार के बीच विवाद चल रहा था। आरोप है कि इसी विवाद के चलते पुत्र इश्तेखार ने सोये अवस्था मे घर में आग लगा दी। जिससे तीनों बुरी तरह झुलस गए। हालांकि आग लगाने के कारणों और घटना की वास्तविक परिस्थितियों की पुलिस जांच कर रही है। रफीगंज सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को बेहतर इलाज के लिए औरंगाबाद रेफर किया गया। वहां से चिकित्सकों ने उन्हें मगध मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, गया रेफर कर दिया। इलाज के दौरान मोहम्मद सलीम और आफरीन परवीन की मौत गया जी मेडिकल मे हो गई। चांदनी परवीन की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। घटना की सूचना पर सदर-2 के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आदित्य कुमार, रफीगंज सर्किल इंस्पेक्टर विनय कृष्ण प्रसाद, कासमा थानाध्यक्ष रुपेश कुमार, एसआई अवधेश कुमार, एसआई नवीन कुमार और एएसआई शेख शेरे अली, रफीगंज अग्निशमन प्रभारी मुन्ना कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी मौके पर पहुंचे।
सदर-2 एसडीपीओ आदित्य कुमार ने बताया कि घटना में दो लोगों की मौत हुई है। उन्होंने कहा कि मृतक सलीम अपने साले की दोनों पुत्रियों को अपने घर में रखे हुए थे।
इसी बात को लेकर पारिवारिक विवाद चल रहा था।

संरक्षक: संजय शुक्ला,( सत्यम शिवम शुभम पीजी व लां कॉलेज टिकरी)
सलाहकार संपादक:
रिजवान सैफ खान
सह सपादक: मोहम्मद दानिश फारुकी ,
सह संपादक: राम सिंह यादव
उक्त सभी पद अवैतनिक है

सबसे तेज प्रयागराज, मुद्रक, प्रकाशक, स्वामी संपादक हनुमान प्रसाद शुक्ल द्वारा विपिन इंटरप्राइजेस 1/6सी/1 मास्टर जरूहुल हसन रोड़, कटरा, प्रयागराज से मुद्रित कराकर, करीमुददीनपुर पोस्ट अटरामपुर नवाबगंज प्रयागराज से प्रकाशित। मो नं. 9452842169। इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आ.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद का निपटारा इलाहाबाद न्यायालय में होगा। आपत्तियां एक सप्ताह के अंदर ही स्वीकार की जाएगी। समाचार पत्र की जिम्मेदारी लेखक व संवाददाता की होगी